


# चेतना मंच

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी




## आतंकवाद को जड़ से खत्म करने का संकल्प : राजनाथ

**भुज ( गुजरात ) ( एजेंसी )।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार



भुज एयरबेस पर रक्षामंत्री ने जवानों का बढ़ाया हौंसला

को गुजरात के भुज वायु सेना स्टेशन का दौरा किया। इस एयरबेस को पिछले सप्ताह पाकिस्तानी सेना की ओर से निशाना बनाने की कोशिश की गई थी। हालांकि, उनके नापाक मंसूबों पर भारतीय सशस्त्र बलों ने पानी फेर दिया था। राजनाथ की यह यात्रा जम्मू-कश्मीर की यात्रा, नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर समग्र सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के एक दिन बाद हुई।

इस दौरान उन्होंने कहा कि पहलगाम में मारे गए सभी निर्दोष नागरिकों को और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए हमारे सैनिकों को नमन करता हूं। मैं हमारे घायल सैनिकों के साहस को भी नमन करता हूं और ईश्वर से यह प्रार्थना करता हूं कि वो जल्द से जल्द स्वस्थ हों। हमारे देश की मजबूत भुजा भुज में आप सबके बीच आकर मुझे बड़ा गर्व हो रहा है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# कश्मीर में बड़ी साजिश नाकाम

## शोपिया में ऊंचे पहाड़ों और त्राल के गांव में घुसे थे आतंकी, 48 घंटों में लश्कर के 6 आतंकी ढेर





**जम्मू-कश्मीर ( एजेंसी )।** कश्मीर में सुरक्षाबलों ने बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया है। दो ऑपरेशन में छह आतंकियों को मार गिराया है। सभी आतंकी ऊंचाई वाले इलाकों में छिपे थे। सेना और पुलिस की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी गई है।



हाल के आतंकवाद विरोधी अभियानों पर आईजीपी कश्मीर वीके बिरदी ने कहा कि पिछले 48 घंटों में, हमने दो बहुत सफल ऑपरेशन किए हैं। ये दो ऑपरेशन केरन और त्राल इलाकों में किए गए, जिसके परिणामस्वरूप कुल छह आतंकवादी मारे गए। हम यहां आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

दो मुठभेड़ों में छह आतंकवादियों के मारे जाने पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कश्मीर जोन के पुलिस महानिरीक्षक वीके बिरदी ने कहा कि पिछले 48 घंटों में हमने दो बेहद सफल ऑपरेशन किए। ये दो ऑपरेशन शोपियां के केलर और त्राल इलाकों में किए गए, जिसके परिणामस्वरूप हमारे जवानों ने कुल छह आतंकवादियों को ढेर कर दिया। उन्होंने कहा कि हम यहां आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

जीओसी विक्टर पोस्ट मेजर जनरल धन्जय जोशी ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर भले ही स्थगित कर दिया गया है, लेकिन कश्मीर में आतंक के खिलाफ प्रहार जारी है। सुरक्षाबल ने गुरुवार को दक्षिण कश्मीर के त्राल में जैश-ए-मोहम्मद के स्वयंभू जिला कमांडर आसिफ शेख सहित तीन आतंकियों को मार गिराया। मुठभेड़ के दौरान आतंकी ठिकाना बना मकान भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। तीन दिन में दक्षिण कश्मीर में सुरक्षाबल और आतंकियों के बीच यह दूसरी मुठभेड़ है। इन दोनों मुठभेड़ों में कुल छह आतंकी मारे गए हैं।

उन्होंने बताया कि यह आतंकी सोपिया में ऊंचे पहाड़ों और त्राल के एक गांव में छिपे हुए थे। सुरक्षाबलों ने आम नागरिकों को सुरक्षित निकालकर एक-एक घर की तलाशी ली और लश्कर के आतंकियों को खत्म किया। इनमें आतंकी शाहिद कुटटे भी शामिल है।

## प्रो. रामगोपाल ने यूपी में जाति-धर्म के नाम पर उत्पीड़न को लेकर कही बड़ी बातें

**लखनऊ ( एजेंसी )।** मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर दिए गए विवादित बयान का मामला अभी शांत भी नहीं पड़ा था कि समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद राम गोपाल यादव ने विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर विवादित बयान देने पर बखेड़ा खड़ा कर दिया है। हालांकि अब सपा नेता प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने अपना बचाव किया है। राम गोपाल यादव ने इसको लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर भी तंज कसते हुए कहा कि उन्होंने पूरा बयान सुने बिना ही अपनी प्रतिक्रिया दे डाली। गौरतलब है कि रामगोपाल यादव द्वारा गुरुवार को विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर की गई जातिसूचक टिप्पणी पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतिक्रिया दी थी।

### गालीबाजों को लेकर दिया था बयान



रामगोपाल यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'उत्तर भारत के कुछ राज्यों में विशेषकर उत्तर प्रदेश में जहां धर्म, जाति और वर्ग देखकर लोगों पर फर्जी मुकदमे लगाए जा रहे हों, एनकाउंटर किये जा रहे हों, गैंगस्टर लगा कर संपत्ति जब्त की जा रही हो, महिलाओं पर अत्याचार किए जा रहे हों, जाति धर्म और वर्ग देखकर कर्मचारियों और अधिकारियों की पोस्टिंग की जाती हों, ऐसी विकृत मानसिकता के लोगों के बारे में कल मैंने एक कार्यक्रम में कहा था कि कर्नल सोफिया का धर्म नाम से पहचान लिए, इसलिए गाली दी गई। विदेश सचिव मिस्त्री को गाली दी गई। अगर इन गालीबाजों को ये पता चल जाता कि व्योमिका सिंह जाटव हैं और एयर मार्शल अवधेश भारती यादव हैं तो ये इन अफसरों को भी गालियाँ देने से बाज नहीं आते।

यादव ने आगे लिखा, मुझे आश्चर्य इस बात का है कि जिस मुख्यमंत्री की नाक के नीचे अल्पसंख्यकों, दलितों और पिछड़ों पर अकल्पनीय अत्याचार हो रहे हों उन्होंने मेरा पूरा बयान बगैर सुने ही ट्वीट कर दिया। जिन मीडिया चैनलों ने इस्लामाबाद और रावलपिंडी पर कब्जा कर लिया था। उनसे मुझे कोई शिकायत नहीं, क्योंकि उन पर सत्ता पक्ष के अलावा किसी को विश्वास नहीं।

### सेना की वर्दी जातिवादी चश्मे से नहीं देखी जाती : मुख्यमंत्री



योगी आदित्यनाथ ने एक्स हैंडल पर रामगोपाल यादव के खिलाफ प्रतिक्रिया में कहा कि सेना की वर्दी 'जातिवादी चश्मे' से नहीं देखी जाती है। भारतीय सेना का प्रत्येक सैनिक 'राष्ट्रधर्म' निभाता है, न कि किसी जाति या मजहब का प्रतिनिधि होता है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव का एक वीरांगना बेटी को जाति की परिधि में बांधना न केवल उनकी पार्टी की संकुचित सोच का प्रदर्शन है, बल्कि सेना के शौर्य और देश की अस्मिता का भी घोर अपमान है। यह वही मानसिकता है, जो तुष्टिकरण और वोट बैंक की (शेष पृष्ठ-3 पर)

## विधायक ने किया तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास





**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा विधानसभा क्षेत्र से विधायक पंकज सिंह ने ग्राम सुल्तानपुर में तालाब के पुर्नजीवित व सौंदर्यीकरण के कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक पंकज सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए गंभीरता से काम कर रही है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## डिजिटल अरेस्ट कर ढ़ाई करोड़ की ठगी, मुरादाबाद से गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा में साइबर क्राईम के जरिए डिजिटल अरेस्ट कर दो करोड़ रूपये की ठगी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में साइबर गिरोह के दो सदस्यों को डिजिटल अरेस्ट और 2 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी के मामले में गिरफ्तार किया गया है।




नोएडा साइबर क्राइम ब्रांच के अनुसार, आरोपियों ने खुद को पुलिस अधिकारी बताकर पीड़ित को डिजिटल अरेस्ट किया। उन्होंने दावा किया कि पीड़ित मानव तस्करी के मामले में शामिल है और फिर उससे 2.39 करोड़ रुपये ठग लिए। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## चारमूर्ति चौक पर अंडरपास और शाहबेरी रोड का चौड़ीकरण का कार्य तेज

### एसीईओ ने निर्माणाधीन अंडरपास का किया निरीक्षण





**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने ग्रेनो वेस्ट स्थित चार मूर्ति चौक पर निर्माणाधीन अंडरपास और शाहबेरी रोड के चौड़ीकरण कार्य का जायजा लिया। एसीईओ ने अंडरपास का कार्य तेज करने और शाहबेरी रोड के चौड़ीकरण का कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। एसीईओ प्रेरणा सिंह ने सबसे पहले चार मूर्ति चौक पर अंडरपास का जायजा लिया।

एसीईओ ने अंडरपास के कार्य की अब तक की प्रगति पर जानकारी प्राप्त की। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## भाजपा मंत्री के बयान से सेना का मनोबल गिरा : अजय राय

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक अजय राय ने कहा है कि मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर की गई अपमानजनक टिप्पणी से सेना का मनोबल गिरेगा। ऐसे मंत्री को तुरंत बर्खास्त कर देना चाहिए और प्रधानमंत्री को देश से माफी मांगनी चाहिए।

सेक्टर-93 पार्टी कार्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का नोएडा आगमन पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिनेश अवाना एडवोकेट के नेतृत्व में फूल माला व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर केन्द्र व उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार की जनविरोधी, किसान विरोधी व युवा विरोधी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा कांग्रेस का जनाधार बढ़ाने के लिए कहा।





इस मौके पर उप्र युवा कांग्रेस अध्यक्ष पारस शुक्ला, उप्र युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव शाहबुद्दीन, पूर्व महानगर अध्यक्ष बरेली अजय शुक्ला, विशाल, युवा कांग्रेस गौतमबुद्धनगर जिला अध्यक्ष जावेद खान, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष गौतमबुद्धनगर राजकुमार मोनू, विवेक त्यागी, नोएडा विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष नीरज अवाना, पूर्व जिला अध्यक्ष हसमत राणा, पूर्व महानगर सचिव कैप्टन बाजवा, पूर्व जिलाध्यक्ष गौतमबुद्धनगर सोशल आउटरीच मोहम्मद गुलफाम, युवा कांग्रेस गौतमबुद्धनगर जिला सचिव श्याम दीक्षित, नौएडा विधानसभा युवा कांग्रेस महासचिव राम चन्द्र गुप्ता,मनीष अवाना,नवल सिंह चौहान, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष रणवीर अवाना, युवा कांग्रेस गौतमबुद्धनगर जिला उपाध्यक्ष गोरव आधाना,पीसीसी सदस्य मोहम्मद चांद, फिरोज, श्याम बाबू,गौतम जसवाल, अनस ,जय सिंह व अन्य लोग मौजूद रहे।


RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

## ठेकेदार ट्रंप

क्या अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप भारत-पाकिस्तान के मसलों के ठेकेदार हैं? क्या अमरीका की रणनीतिक दोस्ती के मायने और निहितार्थ यही हैं? क्या अमरीका से दोस्ती खतरनाक और दुश्मनी घातक है? आखिर ट्रंप की मध्यस्थता की मंशा क्या है? दरअसल ये तमाम सवाल स्वाभाविक हैं। युद्धविराम पर विपक्ष यही सवाल कर रहा है। बेशक प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधनों में 'युद्धविराम' या 'सीजफायर' शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया है, लेकिन गोलीबारी न करने अथवा सैन्य कार्रवाई न करने का समझौता दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच हुआ है। जाहिर है कि संबद्ध प्रधानमंत्री ने ऐसे निर्देश दिए होंगे! फिलहाल हमलों की गर्जनाएं दोनों तरफ शांत हैं। यही तो युद्धविराम है। सवाल पूछे जा रहे हैं कि भारत-पाक द्वारा अधिकृत घोषणा करने से पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने युद्धविराम की घोषणा कैसे कर दी? और प्रधानमंत्री मोदी इस पर बयान देकर संदेहों और सवालों को खत्म क्यों नहीं कर रहे हैं? हमें 1971 का दौर भी याद आ रहा है, जब 16 दिसंबर को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अचानक युद्धविराम की घोषणा कर दी थी। भारत-पाकिस्तान युद्ध जारी था और हमारी सेनाओं ने पाकिस्तान की फौज का कचूमर निकाल दिया था। करीब 93,000 पाक सैनिकों को आत्मसमर्पण करना पड़ा था। तब भी भारतीय सेना पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आगे बढ़ सकती थी। भारत अपने कब्जाए कश्मीर को वापस अपने अधिकार-क्षेत्र में ले सकता था, लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री ने युद्ध को रोक दिया। यही नहीं, 1972 में शिमला समझौता वार्ता में भी कश्मीर का कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया। मौजूदा दौर में भी ऐसे ही सवाल हैं कि भारत पाक अधिकृत कश्मीर तक पहुंच कर अपना हिस्सा वापस ले सकता था, पाक फौज को और भी कुचला और तबाह किया जा सकता था, ऐसे में अमरीका की ओर से क्या दबाव दिया गया कि युद्धविराम घोषित करना पड़ा? भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने भी लीपापोती वाला स्पष्टीकरण दिया है। प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने स्पष्ट किया है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान प्रधानमंत्री मोदी से अमरीकी उपराष्ट्रपति वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो आदि ने फोन पर बातचीत की, लेकिन व्यापार संबंधी कोई बात नहीं हुई। राष्ट्रपति ट्रंप व्यापार की धमकी दे रहे हैं कि उसी आधार पर उन्होंने युद्धविराम के लिए भारत-पाक को सहमत कर लिया। व्यापार का संदर्भ है, तो भारत-अमरीका के बीच करीब 10 लाख करोड़ रुपए का ही कारोबार होता है। भारत करीब 6.50 लाख करोड़ रुपए का निर्यात करता है, जबकि करीब 3.50 लाख करोड़ रुपए का आयात किया जाता है। अमरीका और पाकिस्तान के दरमियान करीब 61,989 करोड़ रुपए का व्यापार किया जाता है। अमरीका से करीब 43,307 करोड़ रुपए का आयात पाकिस्तान करता है। छोटा हिस्सा पाकिस्तान निर्यात करता है। क्या सिर्फ इसी आधार पर कोई देश युद्धविराम सरीखा अमरीकी निर्देश मान सकता है? भारत-अमरीका के बीच व्यापार-सौदे की बातचीत जारी है। दोनों देश अपना कारोबार 500 अरब डॉलर तक ले जाना चाहते हैं। चीन के साथ व्यापारिक खुन्नस के मद्देनजर दक्षिण एशिया में भारत ही एकमात्र विकल्प है अमरीका के लिए। इतने विराट बाजार को अमरीका नाराज नहीं कर सकता। ट्रंप ने अपनी चुनाव रैलियों के दौरान अमरीकी जनता को आश्वस्त किया था कि राष्ट्रपति बनने के 24 घंटों में ही वह रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवा देंगे। राष्ट्रपति बने चार माह हो चुके हैं। अमरीका ईरान को भी दबाव में नहीं ले सका।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि वह कपट में डुबोकर बड़ी युक्ति के साथ कोमल वाणी बोला- अब हमारा नाम भिखारी है, क्योंकि हम निर्धन और अनिकेत ( घर-द्वारहीन ) हैं॥ वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**कह नृप जे बिग्यान निधाना। तुम्ह सारिखे गलित अभिमाना॥**
**सदा रहहिं अपनपौ दुराएँ। सब बिधि कुसल कुबेष बनाएँ॥**

राजा ने कहा- जो आपके सदृश विज्ञान के निधान और सर्वथा अभिमानरहित होते हैं, वे अपने स्वरूप को सदा छिपाए रहते हैं, क्योंकि कुवेष बनाकर रहने में ही सब तरह का कल्याण है (प्रकट संत वेश में मान होने की सम्भावना है और मान से पतन की)॥

**तेहि तें कहहिं संत श्रुति टेरें। परम अकिंचन प्रिय हरि केरें॥**
**तुम्ह सम अधन भिखारि अगेहा। होत बिरंचि सिवहि संदेहा॥**

इसी से तो संत और वेद पुकारकर कहते हैं कि परम अकिंचन (सर्वथा अहंकार, ममता और मानरहित) ही भगवान को प्रिय होते हैं। आप सरीखे निर्धन, भिखारी और गृहहीनों को देखकर ब्रह्मा और शिवजी को भी संदेह हो जाता है (कि वे वास्तविक संत हैं या भिखारी)॥

**जोसि सोसि तव चरन नमामी। मो पर कृपा करिअ अब स्वामी॥**
**सहज प्रीति भूपति कै देखी। आपु बिषय बिस्वास बिसेषी॥3॥**

आप जो हों सो हों (अर्थात जो कोई भी हों), मैं आपके चरणों में नमस्कार करता हूँ। हे स्वामी! अब मुझ पर कृपा कीजिए। अपने ऊपर राजा की स्वाभाविक प्रीति और अपने विषय में उसका अधिक विश्वास देखकर॥

(क्रमश:...)

# दुनिया को समझना होगा, भारत का 'न्यू नॉर्मल'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुद्ध पूर्णिमा दिन राष्ट्र के नाम अपने 22 मिनट के संबोधन में पाकिस्तान को स्पष्टत: चेता दिया कि अगर हमारे भारत की ओर आँख उठाकर भी देखा तो वो हश्र होगा कि दुनिया याद करेगी। राष्ट्र के नाम संदेश के अगले दिन पीएम ने आदमपुर एयरबेस पहुंचकर जवानों का उत्साह और मनोबल बढ़ाया। आदमपुर में प्रधानमंत्री के साथ समवेत स्वर में जब जवानों ने भारत माता की जय का उद्घोष किया तो उस निनाद की गूंज और प्रतिध्वनि पाकिस्तान ही नहीं अखिल विश्व ने स्पष्ट तौर पर सुनी।

पीएम ने अपने संबोधन में जितनी स्पष्टवादिता, दृढ़ता और विश्वास के साथ सधे और नपे—तुले शब्दों में अपनी बात विश्व के समक्ष रखी है, ऐसा साहस उनका कोई पूर्ववर्ती दिखा नही सका। पाकिस्तान के साथ अब तक हुए चार युद्ध, बालाकोट और उरी स्ट्राइक में उसे इतने गहरे घाव नहीं लगे, जितने ऑपरेशन सिंदूर ने उसे दिये। अपने स्वभाव से विवश पाकिस्तान पहलगाम आतंकी घटना के बाद इसी सोच के साथ रहा होगा, भारत प्रत्युत्तर में अधिक से अधिक एयर स्ट्राइक या उरी जैसा आक्रमण करेगा। लेकिन उसके अनुमान और विचार धरे के धरे रह गए। और भारत ने जो विध्वंस ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से मचाया, उसकी कल्पना भी आतंकियों और उनके जन्मदाताओं एवं शरणदाताओं की कल्पना से भी परे थी।

भारत ने लड़ाई के मोर्चे पर ही नहीं, बल्कि सिंधु जल संधि को स्थगित करने जैसा ऐतिहासिक और साहसी कदम भी उठाया। 1965, 1971 और 1999 कारगिल युद्ध और तमाम छोटी—बड़ी आतंकी घटनाओं में पाकिस्तान की स्पष्ट भूमिका के उपरांत सिंधु जल संधि स्थगित करने का साहस भारत दिखा नहीं पाया। बालाकोट और उसी स्ट्राइक, जम्मू कश्मीर में धारा 370 को खत्म करने जैसे बड़े कदम उठाने के बाद भी पाकिस्तान भारत को हल्के में लेता रहा। वास्तव में त्रुटि पाकिस्तान की नहीं, हमारी ही रही। हमारे देश के भीतर एक ऐसी मंडली हैं, जिनके हृदय में भारत से अधिक पाकिस्तान के लिये प्रेम, पक्षपात और दया भावना उछाल मारती है। यही मंडली हर आतंकी घटना के बाद भारत पाकिस्तान के विरुद्ध कड़े कदम उठाने का प्रपंच और स्वांग रचती है। प्रोपेगेंडा करने और नैरेटिव गढ़ने में इस मंडली को महारत प्राप्त है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी ये मंडली सक्रिय हो गई थी। वो अलग बात है कि इस बार यह अपना एजेंडा चलाने में सफल नहीं हुई। वहीं पाकिस्तान को सख्त सबक सिखाने की बजाय जुबानी जमा खर्च ज्यादा करने की जो परंपरा नेहरू—इंदिरा के शासन में फली फूली,



**पहलगाम आतंकी हमले के बाद भी पाकिस्तान को प्रत्युत्तर में एयर स्ट्राइक से अधिक की उम्मीद नहीं थी। उसे लग रहा था भारत की सत्ता संभालने वालों में बड़े, प्रभावशाली और कठोर निर्णय लेने का राजनीतिक साहस नहीं है।**

2014 में मोदी सरकार के गठन से पूर्व तक भारत उसी नीति का सिर झुकाकर अनुसरण करता रहा।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भी पाकिस्तान को प्रत्युत्तर में एयर स्ट्राइक से अधिक की उम्मीद नहीं थी। उसे लग रहा था भारत की सत्ता संभालने वालों में बड़े, प्रभावशाली और कठोर निर्णय लेने का राजनीतिक साहस नहीं है। लेकिन पाकिस्तान पता नहीं यह कैसे भूल गया कि पीएम मोदी खतरे उठाने और साहसी निर्णय लेने के लिए जाने जाते हैं। उनकी प्रसिद्धि, साख और लोकप्रियता की यूएसपी जोखिम उठाना ही तो है। पीएम मोदी की दृढ राजनीतिक इच्छा शक्ति का समर्थन पाकर हमारे वीर जवानों ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने पाकिस्तान को उदाहरण के साथ अच्छे से समझा दिया है कि अब खेल बदल चुका है। खेल के खिलाड़ी बदल चुके हैं। भारत की सत्ता जिनके हाथों में हैं, उनका नारा नेशन फर्स्ट का है।

ऑपरेशन सिंदूर के रूप में भारत ने न केवल आतंक के पोषक और जनक पाकिस्तान को करारा उत्तर दिया, बल्कि एक नया सैन्य और रणनीतिक सिद्धांत स्थापित कर दिया। 7 से 10 मई के बीच चार दिनों तक चले इस सीमित, लेकिन तीव्र सैन्य अभियान ने न केवल पाकिस्तान को सैन्य रूप से झकझोर कर रख दिया, बल्कि वैश्विक मंच पर भारत की साख, क्षमता और इच्छाशक्ति का ऐसा प्रदर्शन किया जो दशकों में पहली बार देखा गया। ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने यह स्पष्ट कर दिया कि आतंक के विरूद्ध अब वह चुप नहीं बैठेगा, घर के भीतर घुसकर मारेगा।

पहलगाम घटना के बाद भारत ने बातें नहीं की, डोजियर सौंपने की तैयार नहीं की, सीधे घर में घुसकर मारा, सीधे एक्शन लिया। पाकिस्तान के अंदर घुसकर 15 से अधिक आतंकियों और सेना से जुड़े ठिकानों को नष्ट भ्रष्ट कर दिया। भारत ने केवल आतंकी ठिकानों पर नहीं, उनके ड्रोन कंट्रोल सेंटर और एयरबेस तक को निशाना बनाया। ये दिखाने के लिए कि अगर आवश्यकता पड़ी, तो भारत सीधे उनके सीने तक पहुंच सकता है। ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य बहुत स्पष्ट था- आतंक का ढांचा तोड़ना, अपनी सैन्य ताकत दिखाना, शत्रु को पुन: सोचने के लिए विवश करना और विश्व को यह बताना कि यह परिवर्तित भारत है। और यह परिवर्तित भारत अब नई सुरक्षा नीति पर चल रहा है।

यह बदला हुआ भारत है, भारत के इस बदले हुए मिजाज और कड़े निर्णय लेने के साहस को पाकिस्तान समझने से चूक गया। जिसका परिणाम अखिल विश्व के समक्ष है। भारत ने घर में घुसकर जब चाहा, जहां चाहा, वहां हमला किया। आतंकी खत्म किये, आतंक के ठिकाने ध्वस्त किये और पाकिस्तान के सैन्य हमलों को अपाहिज और पंगु बना डाला। भारतीय सेना और हमारे डिफेंस सिस्टम की श्रेष्ठता और सटीकता ने पाकिस्तान ही नहीं उसके सहयोगियों और हितैषी अमेरिका, चीन और तुर्की के जेट फाइटर, ड्रोन्स, एयर डिफेंस सिस्टम और आयुध की निम्न गुणवत्ता को अनावृत कर डाला।

पाकिस्तान में फलने फूलने वाले आतंकियों को कड़ी सीख देने के लिए अच्छी तरह चिंतन—मंथन के बाद ऑपरेशन सिंदूर संचालित हुआ। इसे स्वैच्छिक युद्ध में परिवर्तित नहीं होने दिया गया, लेकिन आतंक को कठोर उत्तर भी दे दिया गया। भारत ने ये दिखा दिया कि अब युद्ध का अर्थ केवल बम-विस्फोट और सीमा लांघना नहीं होता। अब लड़ाई सोच-समझकर, सीमित परिधि में और स्पष्ट उद्देश्य के साथ लड़ी जाती है।

ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम ने विश्व समुदाय को स्पष्ट तौर पर बता दिया है कि अब हम किसी और के आश्रित नहीं है। ना अमेरिका की ओर देखा, ना रूस से पूछा और ना ही संयुक्त राष्ट्र से कोई सहायता मांगी। जो करना था, स्वयं उसकी कार्य योजना बनाई, और स्वयं ही उसे धरती पर उतारा। ये वही भारत है जो कभी हमलों के बाद बयान देता था और अंतरराष्ट्रीय सहायता की प्रतीक्षा करता था। लेकिन इस बार भारत ने ये दिखा दिया कि अब हम अपने निर्णय स्वयं लेते हैं और अपनी लड़ाई स्वयं अपने सामर्थ्य से लड़ते हैं। यह भारत की रणनीतिक आत्मनिर्भरता का स्पष्ट संकेत है, यानी अब हम दूसरों की सहमति या सहायता पर नहीं, अपनी सोच, शक्ति, सामर्थ्य और साधनों पर विश्वास करते हैं।

ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य ना राष्ट्र पर आधिपत्य की कामना थी, ना किसी सरकार गिराने या परिवर्तन की। एकमात्र बात विश्व को बतानी थी कि यदि भारत पर आक्रमण हुआ, तो उत्तर अवश्य मिलेगा और ऐसा मिलेगा कि पुन: सोचने पर विवश कर देगा। अब भारत की लड़ाई का ढंग परिवर्तित हो गया है। यह केवल अस्त्र—शस्त्र नहीं दिखाता, यह बताता है कि कब, कहां और कैसे उनका प्रयोग करना है। यह एक नया भारत है- जो केवल निनाद नहीं उठाता, अब प्रभाव और धमक भी दिखाता है। अब भारत प्रतिक्रिया में नहीं चलता, कर्मण्यता पर विश्वास करता है और नई दिशा तय करता है। यह परिवर्तन केवल एक रणनीति नहीं है, ये मानसिकता का परिवर्तन है। इसलिए पीएम मोदी ने आदमपुर एयर बेस में कहा कि, 'ऑपरेशन सिंदूर' भारत का 'न्यू नॉर्मल' है। यही मानसिक परिवर्तन भारत का 'न्यू नॉर्मल' है। और इस 'न्यू नॉर्मल' को अखिल विश्व जितनी जल्दी समझेगा, वो उसके और शेष दुनिया के लिए हितकारी, सुखप्रद और शांतिप्रद होगा।

**- डॉ. आशीष वशिष्ठ**

## भारत के पहले कमांडर इन चीफ थे केएम करियप्पा

आजाद भारत के पहले फील्ड मार्शल केएम करियप्पा का 15 मई को निधन हो गया था। उनको 15 जनवरी 1949 को सेना प्रमुख बनाया गया था। करियप्पा सेना प्रमुख होने के साथ ही भारतीय सेना के पहले फाइव स्टार रैंक के अधिकारी हुआ करते थे। उन्होंने करीब 30 साल भारतीय सेना में रहकर देश की सेवा की और साल 1953 में वह सेवानिवृत्त हो गए। बता दें कि रिटायरमेंट के बाद भी केएम करियप्पा किसी न किसी रूप में भारतीय सेना में अपना योगदान देते रहे। तो आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर केएम करियप्पा के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

कर्नाटक में 28 जनवरी 1899 को केएम करियप्पा का जन्म हुआ था। इनकी शुरूआती शिक्षा माडिकेरी सेंट्रल हाई स्कूल से हुई और फिर आगे की पढ़ाई मद्रास प्रेसीडेंसी कॉलेज से पूरी की थी। पढ़ाई पूरी करने के बाद केएम करियप्पा इंदौर स्थित आर्मी ट्रेनिंग



स्कूल के लिए सेलेक्ट हो गए। ट्रेनिंग पूरी होने के बाद साल 1919 में उनको सेना में कमीशन मिला और वह भारतीय सेना में बतौर लेफ्टिनेंट तैनाती कर दी गई।

**सेना दिवस का करियप्पा से कनेक्शन**

दरअसल, 15 जनवरी 1949 को केएम करियप्पा को भारत का सेना प्रमुख नियुक्त किया गया था। इस दिन ही भारतीय अधिकारी को कमांडर इन चीफ का पद मिला था। इससे पहले भारत में इस पद पर अंग्रेजों की नियुक्ति होती थी। वहीं 15 जनवरी 1949 को पहली बार ब्रिटिश शासन ने भारतीय सेना को कमान सौंपी थी। इस दौरान केएम करियप्पा भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट जनरल के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने जनरल सर फ्रांसिस बुचर का स्थान लिया और भारतीय सेना के कमांडर इन चीफ के रूप में पद संभाला था। 15 जनवरी को भारत में हर साल सेना दिवस भी मनाया जाता है।

**ऐसे बने फील्ड मार्शल**

साल 1953 में केएम करियप्पा सेना से रिटायर हो गए थे। जिसके बाद करियप्पा को ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड का राजदूत बनाया गया। उन्होंने अपने अनुभव से कई देशों की सेनाओं के पुनर्गठन में भी सहायता की। वहीं साल 1986 में भारत सरकार ने उनको %फील्ड मार्शल% का पद सौंपा था। बता दें कि केएम करियप्पा को मेन्शंड इन डिस्पैचेस, ऑर्डर ऑफ ब्रिटिश एम्पायर और लीजियन ऑफ मेरिट जैसे अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित किया गया था।

**- फीचर डेस्क**

## राशिफल

ज्येष्ठ माह कृष्ण पक्ष चतुर्थी (विक्रम संवत् 2082)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
रोजाना मेडिटेशन करना आपके लिए अच्छा रहेगा। कुछ लोगों के वेतन या पॉकेट मनी में बढ़ोतरी मिलने के संकेत हैं।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
आज आपको पढ़ाई या जरूरी प्रोजेक्ट को प्राथमिकता देने की सलह दी जाती है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ङ , छ, के, हो, हा)**
आज निवेश का कोई लाभदायक अवसर आपके सामने आ सकता है। सोच समझकर और सलह के साथ ही आगे बढ़ें।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
आज आपका साथी कोई पुराना मुद्दा उठा सकता है, जिससे जीवन में परेशानी बढ़ सकती है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
आज किसी शुभ समाचार से परिवार में खुशियां आएंगी। कुछ लोगों के लिए ट्रिप पर जाने के योग हैं।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
आज कुछ लोगों को अपनी मेहनत के लिए तारीफ मिल सकती है। अपने रिश्ते को मजबूत करने के लिए आज ही कदम उठाएं।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
आज पुराने निवेश से लाभ मिल सकता है। ऑफिस के दौरान सभी जरूरी रूल्स का पालन करें।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
आज टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में काम कर रहे लोगों के लिए बेहतरीन अवसर नजर आ रहे हैं।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
किसी शादी या महत्वपूर्ण इवेंट में शामिल होने के लिए विदेश यात्रा का योग बन रहा है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
पैसों की प्रॉब्लम होने पर कोई दोस्त आपकी आर्थिक सहायता कर सकता है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
आज जिसे आप पसंद करते हैं, उससे बात करने की आपकी कोशिश पूरी हो सकती है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
मौज-मस्ती भरी छुट्टियों पर कुछ जातकों का पैसा खर्च हो सकता है। डॉक्टर, वकील व बिजनेस करने वालों आज अच्छा प्रॉफिट हो सकता है।

# नाराज किसानों से मिले जेवर के विधायक

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सेक्टर 32 स्थित ग्राम चकवीरमपुर के आक्रोशित किसानों से मिलने पहुंचे। किसानों की इस पंचायत में किसानों ने जेवर के विधायक धीरेन्द्र सिंह से 7 प्रतिशत आबादी के भूखंड, पुरानी बनी हुई आबादियों को छोड़े जाने और 64.70 अतिरिक्त प्रतिकार दिलवाए जाने का भी मुद्दा विधायक उठाया।



इस मौके पर जेवर के विधायक धीरेन्द्र सिंह ने उपस्थित किसानों को पूर्ण आश्वस्त करते हुए कहा कि आज उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि देश के विकास की धुरी सिर्फ किसान ही हैं। किसानों की जमीनों पर बड़ी-बड़ी औद्योगिक इकाइयां स्थापित हो चुकी हैं। इसलिए प्राधिकरण को किसानों के हितों को सुरक्षित रखने का काम भी करना होगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी किसानों को साथ लेकर इस प्रदेश की तस्वीर और तकदीर बदलने का काम कर रहे हैं।

किसानों ने एक स्वर में पंचायत में चेतावनी दी कि अगर आगामी दिनों में किसानों की आबादी, विकसित भूखंड और अतिरिक्त प्रतिकर व अन्य समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे अपने परिवारों के साथ धरना प्रदर्शन करेंगे।

जेवर के विधायक धीरेन्द्र सिंह ने किसानों को समझाया कि धरना प्रदर्शन की आवश्यकता नहीं है, आपकी माँग जायज हैं, इसे पूरा कराया जाएगा।

# महिला उन्नति संस्था ने की समीक्षा बैठक

**नोएडा (चेतना मंच)।** महिला उन्नति संस्था की गौतमबुद्धनगर इकाई की मासिक बैठक कर संस्था का विस्तार किया गया।




कार्तिक कुंज सोसायटी डी ब्लॉक सेक्टर 44 नोएडा जिला कार्यालय पर महिला उन्नति संस्था की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष रेनू वाला शर्मा ने महिलाओं की शिक्षा, सुरक्षा एवं उनके आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य योजना पर चर्चा की गई, संस्था के संस्थापक डॉक्टर राहुल वर्मा ने पूर्व में किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि नए शिक्षण सत्र में ज्यादा से ज्यादा लड़कियों और बच्चियों को सुरक्षा के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। वहीं राष्ट्रीय महासचिव अनिल भाटी ने मिशन शक्ति अभियान को तहत जगह-जगह जागरूकता शिविर लगाए जाने की बात कही। बैठक के अंत में ऊषा झा, रीता देवी, सुमन देवी, दुर्गावती देवी,जतिन एवं विपिन चौधरी ने संस्था की सदस्यता ग्रहण की। जिला अध्यक्ष रेनू बाला शर्मा ने सभी को शुभकामनाएं देकर स्वागत किया।

इस दौरान रणबीर चौधरी, नोएडा महानगर अध्यक्ष रितु भारद्वाज, ग्रेटर नोएडा वेस्ट अध्यक्ष अंकिता राजपूत, वेस्ट प्रभारी रानी देवी, सचिव रीना राज, जिला उपाध्यक्ष किरण त्यागी, रिहाना अल्वी, सेवी भाटी,राखी शर्मा समेत अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे ।

# 'नोएडा में ट्रांसफार्मरों, पैनल बॉक्स, मीटर बॉक्स की हालत खराब'

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा शहर की बिजली व्यवस्था में सुधार को लेकर फेडरेशन ऑफ नोएडा रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (फोनरवा) ने प्रबंध निदेशक,पीवीवीएनएल,

## फोनरवा के सदस्यों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की

श्रीमती ईशा दुहान के साथ फोनरवा कार्यालय में बैठक की। इस बैठक में निदेशक (वाणिज्य) संजय जैन, एन के मिश्रा निदेशक (तकनीकी), चीफ इंजीनियर संजय जैन, अधीक्षण अभियंता तथा सभी अधिशाषी अभियंता, एसडीओ एवं 60 से अधिक आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी उपस्थित थे। ज्यादातर सेक्टरों के पदाधिकारियों की शिकायत थी कि उनके यहां ट्रांसफार्मरों, लाइनों, बेकार फीडर जंक्शन/पैनल बॉक्स,मीटर बॉक्स आदि की हालत काफी खराब है।

महासचिव के के जैन ने बताया किया कि बिजली विभाग द्वारा सेक्टर में कार्य शुरू कर दिया जाता है जिसकी जानकारी वहां की आरडब्ल्यूए को नहीं होती है इसके साथ-साथ उन्होंने कहा कि अगर एसडीओ लेवल की मीटिंग संबंधित आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी के साथ हर महीने होगी तो छोटी-छोटी समस्याएं इसी लेवल पर समाप्त हो जाएंगे। इस पर श्रीमती दोहन ने अपने सभी एसडीओ तथा अन्य अधिकारियों को आदेश दिया क्या आप हर महीने आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी के साथ मीटिंग करेंगे और सेक्टरों में होने वाले कार्यों कि जानकारी सम्बंधित आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों को देंगे।




उन्होंने नोएडा में किए जा रहे कार्यों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि नोएडा महानगर में पिछले वर्षों में विद्युत विभाग द्वारा बिजनेस प्लान 2023-24 के मद (रु 122.21 करोड) में कुल स्वीकृत कार्य 625 के सापेक्ष समस्त कार्य पूर्ण करा लिये गये है।

बिजनेस प्लान 2024-25 के मद (रु 101.94 करोड) में कुल स्वीकृत कार्य 532 के सापेक्ष कुल 320 कार्य कराये गये जिनमें मुख्यत: 20 नग पावर परिवर्तकों की क्षमतावृद्धि, 36 नग वितरण पारिवर्तकों की क्षमतावृद्धि, 46 नग नये वितरण परिवर्तकों की स्थापना, 29 नग 33/11 केवी एवं 11 केवी/एलटी लाईन का सुदृढीकरण एवं नवनिर्माण का कार्य कराये गये। बिजनेस प्लान 2024-25 योजना के तहत 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण कराया जा चुका है। शेष कार्य शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा।

फोनस्वा अध्यक्ष द्वारा विभाग द्वारा समय से विद्युत व्यवधानों को अटैण्ड किये जाने व समस्याओं का त्वरित निवारण किये जाने की प्रशंसा की गयी और निवेदन किया की बिजनेस प्लान 24 25 में जो बाकी 30 परसेंट कर है उनको भी जल्दी से जल्दी खत्म किया जाए जिससे कि गर्मी में यहां के निवासियों को राहत मिले इस अवसर पर अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, महासचिव के के जैन, कोषाध्यक्ष पवन यादव , वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा, सुशील यादव, प्रदीप वोहरा, डॉ जीसी सचदेवा, श्रीमती अनीता, प्रमोद वर्मा, जेके बंसल, हरीश, कपीश चंद्र, डॉ दिनेश शर्मा, दिनेश गुप्ता, कोशिन्दर यादव, नागेंद्र यादव, गोपाल शर्मा, श्रीमती अनीता सिंह, सुमित कुमार, अशोक कुमार शर्मा, रघुनाथ सिंह, एल.ओ.पी करण, अमित कुमार त्यागी, आर के सिंह, आर सी गुप्ता, लक्ष्मी नारायण, एमए खान, कॉलनरल एस तिवारी, बीएल शर्मा, भूषण शर्मा, उमाशंकर शर्मा, दिव्या कृष्णत्रय, अमित चौहान, जंतर सिंह, सतवीर यादव, टीसी गौर, विजेंदर धर, राजेश सिंह, दयानंद सिंह, श्रीमती मालिका धूपर, नरोत्तम शर्मा, मुनेश शर्मा, देवेंद्र कुमार, राजेश जैन, जयपाल सिंह तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बिना अनुमति भूजल दोहन पर 2 से 5 लाख जुर्माना या कारावास

गौतमबुद्धनगर। जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला भूगर्भ जल प्रबंधन परिषद् जनपद गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल (प्रबंधन एवं विनियम) अधिनियम-2019 के अंतर्गत राज्य में भूमिगत जल संरक्षित नियंत्रित करने एवं भूमिगत जल का सतत प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए उसे दोनों परिमाणात्मक और गुणात्मक स्थायित्व प्रदान करने के लिए विशेष रूप से भूजल संकटग्रस्त ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में भूजल संरक्षण एवं संवर्धन पर जोर दिया गया है एवं औद्योगिक, वाणिज्यिक, अवसंरचनात्मक और सामूहिक उपयोगकर्ताओं को भूजल निष्कर्षण हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) पंजीकरण का प्रावधान किया गया है, इसके अतिरिक्त भूगर्भ कूप निर्माण की समस्त ड्रिलिंग संस्थाओं का पंजीकरण अनिवार्य किया गया है।

जनपद के समस्त औद्योगिक (इंडस्ट्रियल), वाणिज्यिक (कमर्शियल), अवसंरचनात्मक परियोजनाओं (इन्फ्रास्ट्रक्चरल), सामूहिक उपयोगकर्ताओं (बुल्क यूजर) यथा आर0ओ0 प्लांट, कार वाशिंग सेंटर, होटलों, लाजों, रिसोर्टो, निजी चिकित्सालयों, परिचर्चा गृहों, कारोबार प्रक्षेत्रों, माल्स, वाटर पार्क इत्यादि सहित मौजूदा एवं प्रस्तावित भूजल उपयोगकर्ता को सचेत किया जाता है कि उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल (प्रबंधन एवं विनियम) अधिनियम-2019 की धारा 39 के अंतर्गत बिना पंजीकरण/अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) के भूगर्भ जल दोहन करने हेतु दोषी पाए गए व्यक्ति/ समूह/ संस्था को 02 से 05 लाख रुपये तक का जुर्माना अथवा 06 माह से 01 वर्ष तक का कारावास अथवा दोनों दण्ड निर्धारित किये गए हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि उपरोक्त श्रेणी के सभी भूगर्भ जल उपयोगकर्ता तत्काल भूगर्भ जल विभाग के वेब पोर्टल https://upg-wdonline.in पर दिशा निर्देश देखते हुए निवेश मित्र के माध्यम से सभी वांछित तकनीकी रिपोर्ट व शपथपत्रों सहित ऑनलाइन आवेदन कर पंजीकरण/अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

इसके अतिरिक्त आवेदन से सम्बंधित किसी भी अन्य जानकारी के लिए हाइड्रोलॉजिस्ट (कार्यालय अधिशासी अभियंता भूगर्भ जल विभाग खण्ड गौतमबुद्धनगर अंसल गोल्फ लिंक-2 तिलपता चौक सूरजपुर ग्रेटर नोएडा) नोडल अधिकारी जिला भूगर्भ जल प्रबंधन परिषद जनपद गौतमबुद्धनगर को ईमेल पर संपर्क कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति/समूह/संस्था/फर्म द्वारा भूगर्भ जल निष्कर्षण हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र रजिस्ट्रेशन हेतु आवेदन नहीं किया जाता है तो उसके उपरांत अवैध रूप से भूजल निष्कर्षण हेतु अधिनियम के अनुसार उसके विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।


## संबंध -विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं लज्जावती उर्फ लज्जा पत्नी श्री रामी निवासी-06 तालडा, बिलासपुर, थाना- दनकौर, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) मेरा पुत्र बॉबी का व्यवहार मेरे और मेरे परिवार के प्रति ठीक नहीं रहता है। मेरा पुत्र बॉबी आचरण ठीक नहीं है ,छोटी-छोटी बातों को लेकर घर में लड़ाई झगड़ा करता है और संपत्ति को अपने नाम करने का दबाव बनाता है। हमने बॉबी को काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन वह किसी की बात मानने को तैयार नहीं है। इन्हीं सब बातों को लेकर मैं और मेरे परिवार काफी परेशान हो चुके हैं। इसलिए मैं अपने पुत्र बॉबी से पारिवारिक व पैतृक संबंधों को पूर्ण रूप से संबंध-विच्छेद कर अपनी समस्त चल- अचल संपत्ति से बेदखल कर रही हूं। आज के बाद बॉबी किसी से लेनदेन करता है या उसके किसी भी कृत्य के लिए वह खुद जिम्मेदार होगा। मेरे और मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।



## दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in

www.chetnamanch.com



## पूर्वोत्तर रेलवे

### खुली ई-निविदा सूचना

NER-LJN-2025-45

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग)/पूर्वोत्तर रेलवे /लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत है - **ई-निविदा संख्याः** NER-LJN-2025-45, **कार्य का नामः** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडलः-व.म.ई.-तृतीय/ल.ज. के अधीन गोंडा रेलवे स्टेशन पर 40 के.एल.डी. क्षमता के 02 और बादशाहनगर रेलवे स्टेशन पर 08 के.एल. डी. क्षमता के मॉड्यूलर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का प्रावधान और संबंधित सिविल कार्य। **अनुमानित लागत (रू):** 31138611.04, **अग्रिम धन (रू) :** 305700.00, **समापन / अवधि :** 12 माह • उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2025-45 के लिये ई-निविदा दिनांक 04.06.2025 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। • उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मंडल रेल प्रबंधक/(इन्जी0) लखनऊ

मुजाधि/डबलू-62

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें


# पृष्ठ एक के शेष....

**आतंकवाद को जड़ से ....**

यह भुज, 1965 में पाकिस्तान के खिलाफ हमारी जीत का साक्षी रहा है। यह भुज 1971 में पाकिस्तान के खिलाफ हमारी जीत का साक्षी रहा है। आज एक बार फिर यह भुज पाकिस्तान के खिलाफ हमारी जीत का साक्षी बना है। इसकी मिट्टी में देशभक्ति की खुशबू है और यहां के जवानों में भारत की सुरक्षा का अडिग संकल्प। मैं आप सभी वायु योद्धाओं समेत, सशस्त्र बलों और बीएसएफ के सभी जांबाजों को सलाम करता हूं।

रक्षा मंत्री ने कहा कि अभी कल ही मैं श्रीनगर में सेना के अपने वीर जवानों से मिलकर लौटा हूं। आज मुझे आपके बीच आने का अवसर मिला है। कल मैं भारत के उत्तरी भाग में जवानों से मिला। आज मैं भारत के पश्चिमी भाग में वायु योद्धाओं और जवानों से मिल रहा हूं। दोनों ही मोर्चों पर उच्च र्जा और हाई जोश देखकर मैं फिर से आश्वस्त हो गया हूं कि भारत की सीमाएं आप सभी की मजबूत भुजाओं में पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

उन्होंने कहा, %ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आपने जो कुछ किया, उसने पूरे देश को गर्व से भर दिया है। भारतीय वायुसेना के लिए सिर्फ 23 मिनट काफी थे, पाकिस्तान की सरजमीं पर पल रहे आतंक के अजगर को कुचलने के लिए। मैं यह कहूं तो गलत नहीं होगा, कि जितनी देर में लोग नाश्ता-पानी निपटाते हैं, उतनी देर में आपने दुश्मनों का निपटारा कर दिया। आपने दुश्मन की सीमा के भीतर जाकर जो मिसाइलें गिराईं, उसकी गूंज पूरी दुनिया ने सुनी। और वास्तव में वह गूंज, सिर्फ मिसाइलों की ही नहीं थी, वह गूंज आपके शौर्य और भारत के पराक्रम की थी।

राजनाथ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय वायुसेना ने जो प्रभावी भूमिका निभाई है, उसकी सराहना इस देश में ही नहीं दूसरे देशों में भी हो रही है। आपने इस ऑपरेशन में न केवल दुश्मन को परास्त किया है, बल्कि उन्हें तबाह करने में भी कामयाबी हासिल की है। आतंकवाद के खिलाफ चलाए गए इस अभियान को हमारी वायु सेना ने आगे बढ़ाया। हमारी एयरफोर्स एक ऐसी 'स्काइफोर्स' है, जिसने अपने शौर्य, पराक्रम और प्रताप से आसमान की नई और बुलंद ऊंचाइयों को छू लिया है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि यह कोई छोटी बात नहीं है कि हमारी एयरफोर्स की पहुंच पाकिस्तान के हर कोने तक है, यह बात पूरी तरह साबित हो चुकी है। आज स्थिति यह है कि भारत के फाइटर प्लेन बिना सरहद पार किए ही, यहीं से उनके हर कोने तक प्रहार करने में सक्षम है। पूरी दुनिया ने देख लिया है कि कैसे आपने पाकिस्तान की धरती पर मौजूद, आतंकवाद के नौ ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। बाद में की गई कारवाई में उनके अनेक एयरबेस तबाह कर दिए।

**चारमूर्ति चौक पर ....**

यह अंडरपास 60 मीटर रोड के पैरलल बन रहा है। उन्होंने गोलचक्कर के दोनों तरफ कार्य को शुरू कराने के लिए सीवर लाइनें और पेड़ों को शिफ्ट करने के निर्देश दिए, ताकि कार्य शुरू करने में कोई बाधा उत्पन्न न हो। एसीईओ प्रेरणा सिंह ने कार्य तय समय पर पूरा न होने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी। उन्होंने ओएसडी अभिषेक पाठक को मौके पर जाकर उद्यान से जुड़े कार्य को पूरा कराने के निर्देश दिए। ओएसडी ने अपनी टीम के साथ मौके पर जाकर उद्यान से जुड़े कार्यों का जायजा लिया और टीम को आवश्यक निर्देश भी दिए। इसके बाद एसीईओ ने गौड़ सिटी से चार मूर्ति की तरफ जाने पर संकरी पुलिया को चौड़ा करने की अनुमति दे दी है। इस पुलिया पर ट्रैफिक जाम लग रहा है।

उन्होंने इस काम को भी जल्द शुरू करने के निर्देश दिए, ताकि लोगों को ट्रैफिक की समस्या से निजात दिलाया जा सके। चार मूर्ति चौक पर अंडरपास के बन जाने से नोएडा, गाजियाबाद और ग्रेटर नोएडा के बीच रोजाना सफर करने वालों को राहत मिल जाएगी। इसके बाद एसीईओ न शाहबेरी रोड पर चल रहे काम को भी देखा। शाहबेरी रोड के चौड़ीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। दो सप्ताह में इसका कार्य पूरा होने की उम्मीद है। हालांकि एसीईओ ने कार्य को दो सप्ताह से भी कम समय में पूरा करने का लक्ष्य दिया है। शाहबेरी रोड के चौड़ीकरण से गाजियाबाद से ग्रेटर नोएडा और नोएडा के बीच आवाजाही करने वालों को बड़ी राहत मिल जाएगी। एसीईओ के निरीक्षण के दौरान वर्क सर्किल प्रभारी प्रभात शंकर और प्रबंधक नितीश कुमार भी मौजूद रहे।

**सेना की वर्दी....**

राजनीति में राष्ट्रभक्ति तक को बांटने का दुस्साहस करती है।

**भारतीय सेना के पराक्रम से पूरा देश गौरवान्वित : मायावती**

बसपा सुप्रीमो मायावती ने सपा सांसद के बयान को 'शर्मनाक एवं निन्दनीय' करार दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, 'पाकिस्तान में आतंकियों के खिलाफ भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर पराक्रम से पूरा देश गौरवान्वित है। ऐसे में सेना को धर्म और जाति के आधार पर बांटना अनुचित है। बीजेपी के एक मंत्री ने जैसी गलती की थी, वैसी ही गलती सपा नेता ने भी की है।'

**डिजिटल अरेस्ट कर...**

आरोपियों की पहचान मुकेश सक्सेना और अनीस अहमद के रूप में हुई है, जो मुरादाबाद के रहने वाले हैं। नोएडा की डीसीपी (साइबर क्राइम) प्रीति यादव ने कहा कि शिकायतकर्ता ने 18 मार्च को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 308 (2), 319 (2), 318 (4) और आईटी एक्ट की धारा 66 डी के तहत शिकायत दर्ज कराई थी।

उन्होंने कहा कि पीड़ित ने उल्लेख किया है कि गिरफ्तार आरोपियों ने खुद को पुलिस अधिकारी बताकर डिजिटल गिरफ्तारी की। उन्होंने दावा किया कि पीड़ित मानव तस्करी में शामिल है और फिर उससे 2.39 करोड़ रुपये ठग लिए। उन्होंने आगे कहा कि शिकायत प्राप्त होते ही आरोपियों के बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए।

**विधायक ने किया ...**

इस अवसर पर ग्राम वासियों ने ग्राम के सामुदायिक केंद्र की बनी हुई जर्जर बिल्डिंग को तोड़कर दो मंजिला बनाने की मांग की एवं जेपी ग्रुप द्वारा बनाई गई दीवार को हटाकर वहां पार्किंग बनाने के लिए अनुरोध किया।

गांव वालों ने बताया कि गांव के मुख्य मार्ग पर पांच परसेंट के आवासीय भूखंड लगा दिए गए। सामुदायिक केंद्र वाले रास्ते पर जाम की स्थिति बनी रहती है उन भूखंडों को वहां से हटकर कहीं और लगाने के लिए गांववासियों ने विधायक से मांग की एवं कई रास्तों पर सड़कों एवं नालिया निर्माण के लिए भी आग्रह किया। विधायक ने सभी मांगों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारियों को जल्द समस्या का समाधान करने के लिए निर्देश दिए।

इस मौके पर नोएडा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान, जिला महामंत्री उमेश त्यागी, पूर्व प्रधान सत्य प्रकाश त्यागी, मंडल अध्यक्ष प्रदीप चौहान, शिवनारायण शर्मा, नरेंद्र त्यागी, जगदीश शर्मा, संतराम त्यागी, विकास कुंडिया, विकास शर्मा, परमानंद त्यागी, परियोजना अभियंता सत्येंद्र गिरी, एसीओ संजय खत्री, जसवीर त्यागी, नाथूराम त्यागी, राजवीर त्यागी एवं नीरज चौहान उपस्थित रहे।







## कार्यालय नगर पालिका परिषद, दादरी, जनपद-गौतमबुद्धनगर

पत्रांक:239/न0पा0परि0दा0/नि0सू0/2025-26 दिनांक: 13 मई, 2025

### ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद दादरी, जनपद-गौतमबुद्धनगर गें राज्य वित्त आयोग /निकाय कोष के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद दादरी जनपद-गौतमबुद्धनगर गें वार्ड रांख्या-12 में देवेन्द्र के मकान से माधव फार्म हाउस तक मेन रोड तक आर0सी0सी0 नाली का निर्माण कार्य, चिटहैरा सॉलिड वेरट मैनेजमेंट भूमि पर तारबन्दी कराये जाने का कार्य व वर्ष 2022-23, 2023-24, 2024-25 तक पूर्ण निर्माण कार्य तथा 2025-26 में होने वाले निर्माण कार्य स्थलों पर कार्य विवरण सम्बन्धी ग्रेनाइड पत्थर सहित पैडस्टल के निर्माण कार्य हेतु फर्मो//ठेकेदारों से ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। इस हेतु ई-निविदा दिनांकः 14.05.2025 से दिनांकः 03.06.2025 तक ऑनलाइन वेवसाइट https://etender.up.nic.in पर प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती हैं। ई-निविदा के सम्बन्ध में निविदादाता कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उक्त कार्यों की निविदा दिनांकः 04.06.2025 अपराह्व 12.30 बजे खोली जायेगी। जिसे सम्बन्धित वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर देखा जा सकता है।

किसी भी ई-निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा शुल्क एव जमानत धनराशि आर0टी0जी0एस0/ एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से नगर पालिका परिषद दादरी खाता संख्या 50100065525653, एच0डी0एफ0सी0 बैंक, शाखा दादरी, IFSC Code-HDFC0000927 में जमा करायी जायेगी, जिसकी मूल प्रति सम्बन्धित ठेकेदारों द्वारा टेण्डर अपलोड करते समय अपलोड की जायेगी। बिना धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। कार्य से सम्बन्धित नियम व शर्तें कार्यालय नगर पालिका परिषद दादरी में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में देखा जा सकता हैं। कार्य का भुगतान बजट उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (उमेश शर्मा) | (जयपाल सिंह) | (शालिनी गुप्ता) | (गीता शर्मा) |
| लिपिक लेखा विभाग | अवर अभियन्ता (सिविल) | अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |
| नगर पालिका परिषद, | नगर पालिका परिषद, | नगर पालिका परिषद, | नगर पालिका परिषद, |
| दादरी (गौतमबुद्धनगर) | दादरी (गौतमबुद्धनगर) | दादरी (गौतमबुद्धनगर) | दादरी (गौतमबुद्धनगर) |

# सड़क हादसे में 16 की मौत

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लिए गुरुवार की सुबह का वक्त मार्ग दुर्घटनाओं से भरा रहा। इन सड़क हादसों में अब तक 16 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई लोग घायल हैं। हरदोई में हुए दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई, वहीं बलरामपुर में शादी समारोह से लौट रहे कार सवार पांच लोगों की जान चली गई है। इससे पहले लखनऊ के किसान पथ पर लगी आग से बस में जिंदा जलकर पांच यात्रियों की मौत हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क हादसों में हुई लोगों की मृत्यु पर अपनी संवेदना प्रकट की है। साथ ही घायलों को बेहतर इलाज मुहैया कराये जाने के निर्देश ?अधिकारियों को दिए हैं। हरदोई जिले के कासिमपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह संडीला-



बांगरमऊ मार्ग पर हरदलमऊ गांव के पास ट्रक ने ऑटो में टक्कर मार दी। इससे ऑटो पलट गया, जिसकी नीचे दबकर ऑटो सवार छह लोगों की मौत हो गई। तीन लोग घायल हो गये, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आज सुबह साढ़े नौ बजे हुए दुर्घटना में छह लोगों की मौत हुई है। इनमें चार पुरूष और दो महिलाएं शामिल हैं। अभी मृतकों में आटो चालक रंजीत मलहन खेड़ा निवासी अरविंद की पहचान हुई है। शेष की शिनाख्त की जा रही है। तीन लोग घायल है, जिसमे एक बच्चे की हालत नाजुक है। ट्रक चालक फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। दूसरा हादसा बलरामपुर कोतवाली देहात क्षेत्र अंतर्गत चकवा चौकी के पास बुधवार की देर रात करीब दो बजे के आसपास हुआ। ट्रक ने सामने से आ रही कार को रौंद दिया। हादसे में कार में सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आठ लोग गंभीर रूप से घायल हैं। मृतकों में गोंडा के धानेपुर क्षेत्र के बेलवार मोहल्ला निवासी फूलबाबू (35), शिव कुमार (22), आदित्य (07), इटियाथोक मध्य नगर निवासी विजय कुमार (35) और प्रयागराज के हडिया निवासी जितेंद्र (40) शामिल है। घायलों में धानेपुर क्षेत्र के राघवराम, सीताराम, महक, विकास कुमार, किशोर कुमार, विनोद कुमार, गोपाल, वाहन चालक प्रयागराज के हडिया निवासी अजय कुमार हैं। पुलिस के मुताबिक, श्रावस्ती जिले के इकौना थाना क्षेत्र में एक बारात में शामिल होने के लिए गोंडा से सभी लोग गये थे। वहां से वापस लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है, जबकि चालक फरार हो गया है। तीसरा हादसा गुरुवार की सुबह करीब पांच बजे लखनऊ के किसान पथ पर मोहनलाल गंज के पास हुआ। बिहार के बेगुसराय से नई दिल्ली जा रही प्राइवेट स्लीपर बस (यूपी-17 एटीए 6372) में गुरुवार सुबह लखनऊ के किसान पथ पर आग लग गई। इसमें जलकर पांच लोगों की मौत हो गई। बस में जैसे ही आग लगी तो चालक और कंडक्टर बस से उतरकर भाग गये थे।

## लोकायुक्त ने बेंगलुरू सहित 40 स्थानों पर एक साथ की छापेमारी

एजेंसी

**बेंगलुरू।** भ्रष्टाचार विरोधी व्यापक अभियान के तहत कर्नाटक लोकायुक्त ने गुरुवार को बेंगलुरु समेत पूरे राज्य में एक साथ 40 स्थानों पर छापेमारी की। लोकायुक्त अधिकारियों की ये कार्रवाई बेंगलुरु में 12 स्थानों, तुमकुरु में 7, यादगीर में 5, मंगलुरु में 4 और विजयपुरा जिले में 4 स्थानों पर की गयी है। लोकायुक्त सूत्रों ने बताया कि छापों में अचल संपत्तियों और बेहिसाब नकदी, आभूषण, महंगे वाहनों से संबंधित कई दस्तावेज जब्त किये गये हैं, जिनका सत्यापन किया जा रहा है। लोकायुक्त अधिकारियों के अनुसार, जिन लोगों पर छापेमारी की गई, उनमें शहरी और ग्रामीण नियोजन निदेशालय के अतिरिक्त निदेशक मुरली टीवी, बेंगलुरु के कानूनी माप विज्ञान निरीक्षक एचआर




नटराज, बेंगलुरु ग्रामीण के तालुक कार्यालय होसकोटे के द्वितीय श्रेणी सहायक अनंत कुमार, तुमकुरु के निर्मिति केंद्र के परियोजना निदेशक राजशेखर, दक्षिण कन्नड़ के सर्वेक्षण पर्यवेक्षक मंजूनाथ, विजयपुरा के डॉ. बीआर अंबेडकर अभिवृद्धि निगम में अधिकारी रेणुका सतरले और यादगिरी जिले के शाहपुर तालुक में अधिकारी उमाकांत शामिल हैं। राज्य सरकार के जिन अधिकारियों पर ये छापेमारी हुयी है, उनपर आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक संपत्ति रखने का संदेह है।

## दिल्ली में फिर बदलेगा मौसम का मिजाज, 5 दिन तक होगी बारिश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। यहां 5 दिन झमाझम बारिश के आसार बन रहे हैं। इससे गर्मी और उमस बढ़ेगी, तापमान 42 डिग्री के पार जा सकता है। कुछ सप्ताह पहले पश्चिमी विक्षोभ के चलते जम्मू-कश्मीर में आंधी-तूफान के साथ मूसलाधार बारिश हुई थी, जिससे व्यापक पैमाने पर नुकसान हुआ था। अब देश के उत्तरी, पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों के अधिकांश इलाकों में प्रचंड गर्मी पड़ रही है। राजस्थान, गुजरात, दिल्ली, यूपी, बिहार, ओडिशा जैसे प्रदेशों में कई जगहों पर पारा 40 या फिर उससे भी ऊपर चला गया। इससे हीट-वेव की स्थिति बन गई। वहीं, पूर्वोत्तर और दक्षिण भारत के कई हिस्सों में



लगातार बारिश हो रही है। महाराष्ट्र में भी पूरे सप्ताह बारिश होने का पूवार्नुमान है। दूसरी तरफ, बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान शक्ति के सक्रिय होने से ईस्टर्न इंडिया के मौसम में भी आनेवाले दिनों में बदलाव देखा जा सकता है। मौसम विज्ञानियों का मानना है कि इससे प्री-मानसून बारिश का सिलसिला जहां बढ़ेगा, वहीं दक्षिण-पश्चिम मानसून और रफ्तार पकड़ेगा। दिल्ली और आसपास के इलाकों में साइक्लोनिक सकुर्लेशन की स्थिति बनी हुई है। अगले कुछ दिनों तक यही स्थिति बने रहने की संभावना है। देश की राजधानी और आसपास के इलाकों में इस सप्ताह अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। ह्यस्काईमेट वेदरह्ल की रिपोर्ट के अनुसार, बढ़ती गर्मी गरज वाले बादलों के बनने के लिए एक अच्छा आधार तैयार कर रही है। इसके चलते दिल्ली और उसके आसपास के क्षेत्रों में अगले कुछ दिनों तक गरज-चमक और धूल भरी आंधी आने की संभावना बनी हुई है। 16 और 17 मई 2025 को यह गतिविधि थोड़ी तेज हो सकती है। प्री-मानसून बारिश का सिलसिला अगले सप्ताह तक भी जारी रहने का अनुमान है। 19 से 22 मई के बीच बारिश, गरज-चमक, धूल भरी आंधी और तेज हवाएं चलने की ज्यादा संभावना है।

## रैली में हथगोला फेंका एक की मौत 10 घायल

**क्वेटा।** पाकिस्तान में सेना समर्थक रैली में भाग लेने वालों पर बाइक सवार एक संदिग्ध आतंकवादी ने हथगोला फेंका, इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस और अस्पताल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह हमला बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा में हुआ। उन्होंने बताया कि करीब 150 लोग कारों और बाइक से शहर के एक हॉकी मैदान की ओर जा रहे थे, जहां भारत के खिलाफ पाकिस्तानी सेना की जवाबी कार्रवाई के पक्ष में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। तभी एक व्यक्ति ने उन पर हथगोला फेंका। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम सरकार द्वारा आयोजित किया गया था। सरकारी अस्पताल के प्रवक्ता वसीम बेग ने बताया कि घायलों में से कम से कम दो की हालत गंभीर है।

## भारत की कड़ी प्रतिक्रिया के बाद बैकफुट पर आया अमेरिका

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से कश्मीर मुद्दे पर मध्यस्थता की पेशकश पर भारत की कड़ी प्रतिक्रिया का असर दिखने लगा है। दरअसल राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत-पाकिस्तान के बीच का कश्मीर मुद्दे समझाने में मदद की बात कही थी। उनके इन बयानों पर नई दिल्ली ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। भारत सरकार ने साफ कहा कि कश्मीर मुद्दे पर किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं है, और भारत-पाकिस्तान के बीच एकमात्र लंबित मुद्दा पाकिस्तान के कब्जे वाले भारतीय क्षेत्रों को खाली कराना है। भारत ने यह भी स्पष्ट किया कि अमेरिका के साथ व्यापार या किसी न्यूक्लियर ब्लैकमेल जैसे मुद्दों पर कोई चर्चा नहीं हुई है। नई दिल्ली ने घटनाओं का सिलसिलेवार ब्यौरा देते हुए बताया कि कैसे पाकिस्तान ने भारतीय हमलों के बाद संघर्षविराम की अपील की। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने इस मुद्दे पर अपने रुख में बदलाव लाते हुए अब कहा है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच सीधे संवाद को प्रोत्साहित करता है और दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों की शांति की राह चुनने के लिए तारीफ करता है। विदेश मंत्रालय के प्रमुख उप-प्रवक्ता थॉमस पिगॉट ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हम भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम का स्वागत करते हैं और प्रधानमंत्री मोदी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की इस शांति की राह चुनने की सराहना करते हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने भी इसे बुद्धिमानी और साहस का प्रतीक बताया है।

## भारत के दुश्मन तुर्की को एयर-टू-एयर मिसाइलें बेच रहा अमेरिका

एजेंसी

**अंकारा।** हमेशा दुश्मन देश पाकिस्तान का साथ देने वाले तुर्की को लेकर एक बड़ा सुरक्षा-संबंधी घटनाक्रम सामने आया है। अमेरिका ने तुर्की को एआईएम-120सी-8 एडवांस्ड एयर-टू-एयर मिसाइलें बेचने को मंजूरी दे दी है। यह डील अमेरिका और तुर्की के बीच 225 मिलियन डॉलर (करीब 1,875 करोड़ रुपये) की है, इसमें 53 मिसाइलें और 6 गाइडेंस सिस्टम शामिल हैं।भारत के खिलाफ लगातार जहर उगलने वाले तुर्की के साथ अमेरिका ने एयर-टू-एयर मिसाइल बेचने का सौदा किया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय की ओर से इसकी जानकारी दी गई है। इसमें कहा गया है कि अमेरिकी स्टेट डिपार्टमेंट ने 14 मई को तुर्की को एआईएम-120सी-8 एडवांस्ड एयर-टू-एयर मिसाइलों की बिक्री को मंजूरी देने का ऐलान किया है। जिसकी अनुमानित लागत करीब 225 मिलियन डॉलर है और इसके तहत 53 मिसाइलें और 6 गाइडेंस सेक्शन शामिल हैं।अमेरिका भले ही सौदे को नाटो देशों के बीच होने वाले आपसी सहयोग का हिस्सा बता रहा हो, लेकिन भारत के नजरिए से भारत के दोस्त ग्रीस के लिए ये डील काफी खतरनाक साबित हो सकती है।

## दूसरी शादी के चक्कर में थाने पहुंचा दुल्हा

**बस्ती।** यूपी के बस्ती जिले में हो रहे शादी समारोह में हैरान करने वाला मामला सामने आया। यहां दूल्हा मंडप की जगह थाने पहुंच गया। रात भर मामले को सुलझाने की बात होती रही, लेकिन आखिर में शादी कैंसल हो गई। दरअसल दूल्हा अपनी पहली शादी को छिपाकर दूसरी गृहस्थी बसाने की तैयारी में था। लेकिन जैसे ही अपने पति की शादी की भनक उसकी पहली पत्नी को हुई, पहली पत्नी पुलिस को साथ लेकर बारात में जा धमकी। इसके शादी के मंडप में कई घंटे तक हाईवोल्टेज ड्रामा चला। आखिर में पुलिस शेरवानी पहने दूल्हे को गिरफ्तार कर थाने ले गई।

## बलूच नेताओं ने की आजादी की घोषणा, भारत-यूएन से मांगी मान्यता

एजेंसी

**पेशावर।** बलूच नेताओं ने अपनी आजादी की घोषणा कर दी है। भारत और संयुक्त राष्ट्र से औपचारिक मान्यता देने की अपील की है। इस घोषणा के बाद सोशल मीडिया पर बलूचिस्तान का मुद्दा खूब वायरल हो रहा है। बलूच नेताओं की इस घोषणा से क्षेत्रीय राजनीति में हलचल पैदा हो गई है। अब सबकी निगाहें भारत और संयुक्त राष्ट्र के अगले कदम पर हैं। बलूच कार्यकर्ता और अन्य नेताओं ने बलूचिस्तान को स्वतंत्र देश घोषित कर दिया है। उन्होंने भारत से अपील की है कि दिल्ली में बलूचिस्तान का दफ्तर और दूतावास खोलने की इजाजत दी



जाए। बलूच नेता मीर यार ने लिखा- चीन पाकिस्तान का साथ दे रहा है, लेकिन बलूचिस्तान की जनता भारत के साथ है, उन्होंने कहा कि भारत के पीएम नरेंद्र मोदी बलूच देशभक्त आपके साथ हैं। बुधवार को एक और पोस्ट में बलोच नेताओं ने यूएन और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से कहा कि पाकिस्तान तुरंत पीआके खाली करे नहीं तो 93 हजार पाकिस्तानी सैनिकों की कलंकित हार दुबारा होगी। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि भारत पाकिस्तानी सेना को हराने में सक्षम है, और पीओके को मानव ढाल न बनाने दें। मीर यार बलूच ने 9 मई को सोशल मीडिया पर लिखा था- पाकिस्तान अब खत्म होने की कगार पर है। हमने अपनी आजादी घोषित कर दी है। हम भारत और संयुक्त राष्ट्र से बलूचिस्तान को स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने की मांग करते हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र से मुद्रा, पासपोर्ट और अन्य संसाधनों के लिए अंतरराष्ट्रीय सहायता भी मांगी है। बलूचिस्तान के स्वतंत्र नक्शे और झंडों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की जा रही हैं। स्थानीय लोगों की तस्वीरें वायरल हैं, जिनमें वे भारत-बालोच दोस्ती के बैनर पकड़े हुए हैं। जिसमें लिखा है भारत अकेला नहीं है, उसे बलूचिस्तान के देशभक्तों का साथ है। उन्होंने भारत के उस बयान का समर्थन किया जिसमें पाकिस्तान को पीओके खाली करने के लिए कहा गया था।

## शीतला प्रसाद दुबे को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

एजेंसी

**मिर्जापुर।** कोन ब्लॉक मुजेहरा ग्राम के प्रतिष्ठित नागरिक एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रहे स्व माता प्रसाद दूबे के ज्येष्ठ भ्राता पं शीतला प्रसाद दूबे 98 वर्ष के उम्र में 11 मई को स्वर्गवासी हुए जनपद की प्रतिष्ठित शख्सियत शीतला प्रसाद दुबे को श्रद्धांजलि देने के लिए उनके पैतृक निवास ग्राम मुजेहरा में श्रद्धांजलि देने वालों का तता लगा रहा। इस अवसर पर क्षेत्र के समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों, अधिवक्ताओं, शिक्षकों एवं शिक्षक संघ के पदाधिकारियों सहित भारी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। स्व. शीतला प्रसाद दुबे जनपद के सम्मानित नागरिक स्व. माता प्रसाद दुबे एवं शिक्षक संघ के वरिष्ठ नेता केदारनाथ दुबे के बड़े भाई थे। वे सदैव सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते रहे और अपने सहज-सरल स्वभाव के कारण क्षेत्र में अत्यंत सम्मानित रहे। वे समाजसेवी एवं पूर्व छात्रसंघ महामंत्री मनीष दुबे के भी बड़े पिता (ताऊजी) थे। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है और स्थानीय नागरिकों का उनके निवास पर आवागमन लगा हुआ है। स्व दुबे को मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र अशोक कुमार दुबे ने दी है। स्व शीतला प्रसाद दुबे के निधन पर कांग्रेसी नेताओं और शिक्षक संघ के नेताओं द्वारा अलग अलग जगह श्रद्धांजलि सभा का भी आयोजन किया गया था। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजन पाठक, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष रहे राजधर दुबे, पीसीसी सदस्य विधि सिंह, कांग्रेस जिला सचिव रहे रामनाथ दुबे, जितेंद्र चौबे, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष रहे एवं केन्द्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ के पूर्व अध्यक्ष कमलेश दुबे, हरिशंकर सरोज,समाजवादी पार्टी के नेता अमिताभ पाण्डेय,भाजपा नेता मनोज दुबे, सुभाष पांडेय,राकेश सरोज ,शेषमणि दुबे,रितेश मिश्रा,डॉ विजयशंकर दुबे ( टमटम) पूर्व प्रमुख पहाड़ी चंद्र भूषण तिवारी,पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश नारायण तिवारी, जटा शंकर तिवारी,शिक्षक संघ के नेता , डॉ रमा शंकर शुक्ला,धर्मराज सिंह,सत्य भूषण सिंह,जितेंद्र बहादुर सिंह,राकेश यादव ,राधाकांत त्रिपाठी, सुशील दुबे,शाश्वत पाण्डेय,बद्री शुक्ल,योगेश मिश्रा पहाड़ी ब्लॉक से संजय दुबे,चिंटू तिवारी, सिटी ब्लॉक से अधिवक्ता उपेंद्र तिवारी बऊ पाठक मिंटू दुबे,जनार्दन दुबे, अशोक गुप्ता आदि लोग रहे।

## तमिलनाडु में फैक्ट्री के सीवेज टैंक में विस्फोट

**कुड्डालोर।** तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले के कुडीकाडु इलाके में एक फैक्ट्री में सीवेज टैंक फटने से कम से कम 20 लोग घायल हो गए। विस्फोट के बाद टैंक से पानी लीक होकर आस-पास के घरों में घुस गया, जिससे गांव में आवासीय ढाँचे क्षतिग्रस्त हो गए। शक्तिशाली विस्फोट से फैक्ट्री परिसर को भारी नुकसान पहुंचा है, बल्कि आस-पास के आवासीय क्षेत्रों पर भी असर पड़ा है। मीडिया रिपोर्ट में बताया कि विस्फोट के बल पर टैंक से सीवेज का पानी लीक हो गया, जो गाँव में फैल गया, जिससे कई घर क्षतिग्रस्त हो गए और निवासियों में दहशत फैल गई। आपातकालीन सेवाओं ने रातभर बचाव अभियान चलाया।

## वीर सैनिकों के सम्मान में जगमगाए देश भर के रेलवे स्टेशन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के अदम्य शौर्य और पराक्रम के सम्मान में देश भर के रेलवे स्टेशन जगमगा उठे। भारतीय रेल ने वीर सैनिकों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए यह अनूठा आयोजन किया। इस मौके पर कश्मीर से कन्याकुमारी और गुजरात से असम तक के रेलवे स्टेशनों पर राष्ट्रभक्ति का अलग जोश देखने को मिला। इस दौरान तिरंगे की रोशनी में नहाए रेलवे परिसर देशभक्ति के गीतों से गूंज उठे। वहीं स्टेशनों पर लगी स्क्रीनों पर राष्ट्रभक्ति से जुड़े विजुअल्स ने यात्रियों को राष्ट्र प्रेम की भावनाओं से भर दिया। इस ऑपरेशन की सफलता को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भारतीय रेल ने




देश के विभिन्न हिस्सों में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया, जिसने देशवासियों के मन मस्तिष्क में राष्ट्रप्रेम और सेना के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत किया। इसके अलावा भारतीय रेल ने तिरंगा यात्रा के साथ तमाम स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के जरिए भी ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को जनमानस तक पहुंचाया। भारतीय रेल की इस पहल ने ना केवल सेना के रणबांकुरों का अभिनंदन किया, बल्कि आम जनता को भी ऑपरेशन सिंदूर की गौरव गाथा से जोड़ा। यह आयोजन दर्शाता है कि देश का प्रत्येक नागरिक अपने वीर सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद न्याय की अखंड प्रतिज्ञा को पूरा करने के लिए शुरू हुआ ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना की वह गौरव गाथा है, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।

## खास खबर

### अमेरिका में कोर्ट ने भारतीय छात्र को किया रिहा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की कार्रवाई के दौरान गिरफ्तार किए गए एक भारतीय छात्र को संघीय न्यायाधीश के फैसले के बाद आव्रजन हिरासत से रिहा कर दिया गया। जॉर्जटाउन में पढ़ने वाले बदर खान सूरी को टेक्सास में हिरासत में लिया गया था। अब बदर खान अपने परिवार के पास वर्जीनिया जाएंगे। ट्रंप प्रशासन के कार्यभार संभालने के बाद से ही आव्रजन अधिकारियों ने देशभर के कई कॉलेज छात्रों को हिरासत में लिया था। इनमें से कई ने इजराइल-हमास युद्ध के विरोध में परिसर में विरोध प्रदर्शन किया था। एक संघीय न्यायाधीश ने बुधवार को आदेश दिया कि जॉर्जटाउन के भारतीय छात्र को आव्रजन हिरासत से रिहा किया जाए। छात्र को ट्रंप प्रशासन द्वारा कॉलेज के विदेशी छात्रों पर कार्रवाई के दौरान हिरासत में लिया गया था।

### सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की गोली मारकर हत्या

**मैक्सिको।** मैक्सिको के जलिस्को राज्य में सोशल मीडिया मंच टिकटॉक पर लाइवस्ट्रीम करते समय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या की गई। मॉडल और इन्फ्लुएंसर वेलेरिया मार्केज (23) जैपोपन में एक ब्यूटी सैलून में थी और लाइवस्ट्रीम के दौरान किसी से बात रही थी तभी मार्केज के एक गोली सीने में और दूसरी गोली सिर पर मारी गई। गोली लगते ही मार्केज जमीन पर गिर गई और मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के कुछ ही घंटों बाद मैक्सिकन पीआरआई पार्टी के पूर्व सांसद लुइस आमंडो कोडोर्वा डिआज की भी कैफे में गोली मारकर हत्या कर दी गई। जलिस्को में अभियोजक घटना की जांच कर रहे हैं। राज्य के प्राधिकारियों ने कहा कि वे मार्केज की हत्या मामले की जांच लैंगिक हिंसा से जोड़ कर करे हैं।

### पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर की पति की हत्या

**आगरा।** आगरा में एक शख्स की मार-मारकर हत्या से हड़कंप मच हुआ है। यहां पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी और लाश को खेत में फेंक दिया। यह सनसनीखेज वारदात थाना शमशाबाद इलाके की है। मृतक के भाई की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पीड़ित पप्पू ने थाना में तहरीर दी कि उसके भाई भीमसेन की हत्या कर दी गई है। पप्पू ने आरोप लगाया कि हत्या में भीमसेन की पत्नी भी शामिल है, जिसका गांव के ही दीपक उर्फ दीपू पुत्र लक्ष्मण सिंह के साथ अवैध संबंध था। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखकर तत्काल जांच टीम का गठन कर मुखबिर की सूचना पर ग्राम भवन के पास बने मंदिर के पास से दीपक और मृतक की पत्नी सुनीता (काल्पनिक नाम) को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी दीपक ने बताया कि उसका मृतक की पत्नी के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसकी जानकारी जब भीमसेन को हुई, उसने पत्नी के साथ गाली-गलौज और झगड़ा किया। इसकी जानकारी आरोपी दीपक को हुई, तब भीमसेन से बात कर मामले को रफा दफा कर दिया। मामले को रफा-दफा करने पर दीपक ने अपने खेत में बने कमरे में दारू पार्टी की। दारू पार्टी में दीपक और भीमसेन थे।

# ऑपरेशन सिंदूर: आधुनिक युद्ध में एक निर्णायक जीत

एजेंसी

**भारत** ने ऑपरेशन सिंदूर को पूरी तरह से समाप्त घोषित नहीं किया है। अभी जो मौजूद है, वह ऑपरेशन में एक संवेदनशील ठहराव है - कुछ लोग इसे युद्ध विराम कह सकते हैं, लेकिन सैन्य नेतृत्व ने जानबूझकर इस शब्द से परहेज किया है। युद्ध लड़ने के दृष्टिकोण से, यह केवल एक विराम नहीं है; यह एक दुर्लभ और स्पष्ट सैन्य जीत के बाद एक रणनीतिक पकड़ है। केवल चार दिनों की सुविचारित सैन्य कार्रवाई के बाद, यह वस्तुनिष्?ट रूप से निर्णायक है: भारत ने एक बड़ी जीत हासिल की। ऑपरेशन सिंदूर ने अपने रणनीतिक लक्ष्?यों को पूरा करने और उससे आगे निकलने में सफल रहा है- आतंकवादी ढांचे को नष्ट करना, सैन्य श्रेष्ठता का प्रदर्शन करना, निवारक क्षमता बहाल करना और एक नए राष्ट्रीय सुरक्षा सिद्धांत का सामने आना। यह प्रतीकात्मक शक्ति नहीं थी। यह निर्णायक शक्ति थी, जिसे स्पष्ट रूप से प्रयोग में लाया गया था। भारत पर हमला हुआ। 22 अप्रैल, 2025 को जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में 26 भारतीय नागरिक, जिनमें ज्यादातर हिंदू पर्यटक थे का नरसंहार कर दिया गया। पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के एक सहयोगी संगठन, द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने इसकी जिम्मेदारी ली। जैसा कि दशकों से होता आया है, इस समूह को पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) का समर्थन प्राप्त है। लेकिन पिछले हमलों के विपरीत, इस बार भारत ने इंतजार नहीं किया। उसने अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता की अपील नहीं की या राजनयिक




विरोध पत्र जारी नहीं किया। इसने युद्धक विमान लॉच किए। 7 मई को, भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जो एक त्वरिक और सटीक रूप से सुविचारति सैन्य अभियान था। भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के अंदर नौ आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया, जिसमें जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के मुख्यालय और ऑपरेशन हब शामिल थे। संदेश स्पष्ट था पाकिस्तानी धरती से शुरू होने वाले आतंकवादी हमलों को अब युद्ध के कृत्यो के रूप में माना जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नये सिद्धांत को स्पष्ट कर दिया: ₹भारत किसी भी परमाणु ब्लैकमेल को बर्दाश्त नहीं करेगा। भारत परमाणु ब्लैकमेल की आड़ में विकसित हो रहे आतंकवादी ठिकानों पर सटीक और निर्णायक हमला करेगा। यह केवल एक जवाबी कार्रवाई से कही अधिक, एक रणनीतिक सिद्धांत का अनावरण था। जैसा कि श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, ₹आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकते। पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते। भारत ने पाकिस्तान में किसी भी लक्ष्य पर इच्छानुसार हमला करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया- आतंकवादी ठिकाने, ड्रोन समन्वय केंद्र, यहां तक कि एयरबेस भी। इस बीच, पाकिस्तान भारत के अंदर एक भी सुरक्षित क्षेत्र में घुसपैठ करने में असमर्थ रहा। यह समानता नहीं है। यह भारी श्रेष्ठता है। और इसी तरह वास्तविक निवारक क्षमता स्थापित होती है। भारत ने जोरदार जवाबी कार्रवाई की, लेकिन पूर्ण युद्ध से पहले ही रुक गया। नियंत्रित वृद्धि ने एक स्पष्ट निवारक संकेत भेजा: भारत जवाब देगा, और वह गति को नियंत्रित करता है। भारत ने इस संकट को अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता की मांग किए बगोर इस संकट को संभाला। इसने संप्रभु साधनों का उपयोग करते हुए संप्रभु शर्तों पर सिद्धांत लागू किया। ऑपरेशन सिंदूर का कब्जे या शासन परिवर्तन के बारे में नहीं था।

**अर्बन वारफेयर इंस्टीट्यूट के कार्यकारी निदेशक हैं। वे अंडरस्टैंडिंग अर्बन वारफेयर के सह-लेखक हैं।**

## कनाडा की नई सरकार ने मध्यम वर्गीय परिवार को दी बड़ी राहत

एजेंसी

**ओटावा।** कनाडा की नई सरकार ने अपने नए संसदीय सत्र की शुरूआत के बड़ी घोषणा के साथ की है। 1 जुलाई 2025 से व्यक्तिगत आयकर की न्यूनतम दर को 15 प्रतिशत से घटाकर 14 प्रतिशत कर दिया जाएगा। यह फैसला करीब 2.2 करोड़ कनाडाई नागरिकों को लाभ पहुंचाएगा। कनाडा की सरकार के अनुसार, दो आय वाले परिवारों को वर्ष 2026 तक 840 अमेरिकी डॉलक (करीब 70,000 रुपये) तक की सालाना बचत हो सकती है। यह फैसला जीवन-यापन की बढ़ती लागत के बीच आम नागरिकों को राहत देने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। टैक्स दर साल के बीच में कम हो रही है इसलिए वित्तीय वर्ष 2015 में औसत दर 14.5% रहेगी। 2026 से यह दर पूरी तरह 14% हो जाएगी। कनाडा रेवेन्यू एजेंसी जुलाई 2025 से टैक्स कटौती तालिकाओं को अपडेट करेगी ताकि कर्मचारियों की सैलरी से कम टैक्स काटा जाए। यदि टैक्स कटौती नहीं होती है तो टैक्स रिटर्न भरते समय यह छूट लागू होगी। यह टैक्स राहत मुख्य रूप से उन नागरिकों को मिलेगी जिनकी वार्षिक आय 114,750 अमेरिकी डॉलर से कम है। इनमें से भी लगभग आधा लाभ उन लोगों को मिलेगा जिनकी आ 57,375 डॉलर या उससे कम है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, कनाडा की नई कैबिनेट ने आज पहली बैठक की।

## खास खबर

### मुस्ताफिजुर का आईपीएल में खेलना तय नहीं

**मुम्बई।** बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को आईपीएल के बचे हुए सत्र के लिए दिल्ली कैपिटल्स ने शामिल किया है पर उनका खेलना संदिग्ध है। ऑस्ट्रेलिया के जेक फ्रेजर मैकगर्क की जगह सात करोड़ रुपय में शामिल रहमान टीम के साथ दुबई दौरे पर चले गये हैं। इस क्रिकेटर ने सोशल मीडिया पर एक क्रिप्टिक पोस्ट भी लिखी है। मुस्ताफिजुर ने इसमें अपनी तस्वीर के साथ लिखा है, ह्ययूएई जा रहा हूं उनके खिलाफ खेलने। दुआओं में याद रखना ह्व बांग्लादेश को इस दौरे में यूएई के खिलाफ 2 मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। इस सीरीज का पहला टी20 मैच 17 मई को जबकि दूसरा और आखिरी मैच 19 मई को खेला जाएगा। इसके बाद बांग्लादेश की टीम को पाकिस्तान का दौरा करना है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार मुस्तफिजुर को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) की ओर से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी नहीं किया गया है। बीसीबी का कहना है कि मुस्तफिजुर को लेकर आईपीएल से उन्हें कोई जानकारी नहीं मिली है। बीसीबी सीईओ निजामुद्दीन चौधरी ने कहा, मुस्तफिजुर को तय कार्यक्रम के अनुसार टीम के साथ यूएई जाना है।

### टिम साउथी बने इंग्लैंड टीम के विशेषज्ञ कौशल सलाहकार

**लंदन।** न्यूजीलैंड के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज टिम साउथी अब कोचिंग रोल में कदम रख चुके हैं। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने घोषणा की है कि 36 वर्षीय साउथी को इंग्लैंड की पुरुष टीम के साथ विशेषज्ञ कौशल सलाहकार के रूप में जोड़ा गया है। वह अल्पकालिक आधार पर यह भूमिका निभाएंगे और भारत के खिलाफ रोथसे टेस्ट सीरीज के समापन तक इंग्लैंड टीम के साथ रहेंगे। गौरतलब है कि टिम साउथी ने दिसंबर 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था और वह न्यूजीलैंड के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं। अब वह अपने अनुभव के जरिए इंग्लिश गेंदबाजों को मार्गदर्शन देंगे। साउथी इंग्लैंड की टीम से जुड़ने से पहले ट्रेंट ब्रिज में अगले हफ्ते जिम्बाब्वे के खिलाफ शुरू हो रहे रोथसे टेस्ट से पहले खिलाड़ियों के साथ तैयारी करेंगे।

### अर्शदीप को इंग्लैंड दौरे में मिल सकती है जगह

**नई दिल्ली।** बांए हाथ के युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को अगले माह होने वाले इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम में जगह मिलने की काफी संभावनाएं हैं। अर्शदीप ने पिछले कुछ समय में घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सीमित ओवरों के क्रिकेट में उनकी गेंदबाजी प्रभावी रही है, इसके अलावा बांए हाथ का गेंदबाज हर टीम अपने पास चाहती है जिससे भी उनकी मांग रहेगी। भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। ये भी अटकलें हैं कि अर्शदीप को अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के विकल्प के तौर पर रखा जा सकता है। वहीं हर्षित राणा भारत ए टीम के साथ इंग्लैंड जाएंगे। पिछले कुछ समय में शमी का फॉर्म और फिटनेस एक बड़ी चिंता का कारण रहा है। आईपीएल में भी वह प्रभावित नहीं कर पाये हैं। ऐसे में अगर शमी को टीम में जगह नहीं मिलती है तो मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के जोड़ीदार के तौर पर अर्शदीप खेलते हुए दिखेंगे।

# विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए आईसीसी ने घोषित की रिकॉर्ड इनामी राशि

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच लंदन के लॉर्ड्स में होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने ऐतिहासिक इनामी राशि की घोषणा की है। इस बार फाइनल के लिए कुल पुरस्कार राशि 5.7 मिलियन अमेरिकी डॉलर है, जो पिछले दोनों संस्करणों की तुलना में दोगुनी से अधिक है। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह एख आधिकारिक बयान में कहा, ₹डब्ल्यूटीसी 25 फाइनल के




विजेता को 3.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर, जबकि उपविजेता को 2.1 मिलियन अमेरिकी डॉलर पुरस्कार मिलेगा। चैंपियन टीम को 3.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर की राशि मिलेगी, जो 2021 और 2023 में दिए गए 1.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर की तुलना में बहुत अधिक है, जबकि उपविजेता टीम का पुरस्कार पिछले 80 लाख डॉलर से दोगुना है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने अंतिम मैच से 30 दिन पहले उत्साह बढ़ाने के लिए एक प्रचार वीडियो भी जारी किया है, जिसमें दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा, तेज गेंदबाज कगिसो रबादा, प्रोटियाज स्टार ऐडेन मार्कराम, ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ और ट्रैविस हेड के साथ-साथ पूर्व महान खिलाड़ियों जैसे शॉन पोलक, डेल स्टेन, मैथ्यू हेडन, मेल जोन्स, नासिर हुसैन, शोएब अख्तर और रवि शास्त्री भी शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला जीत के साथ डब्ल्यूटीसी25 अंकतालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया और लॉर्ड्स फाइनल के लिए पहली टीम बनी। इसके अलावा उन्होंने भारत के खिलाफ घरेलू सीरीज ड्रॉ की। दक्षिण अफ्रीका पहली बार आईसीसी खिताब जीतने की कोशिश करेगा, जबकि ऑस्ट्रेलिया टूनार्मेंट दो बार जीतकर इतिहास रचना चाहता है।

## नंबर चार के लिए सबसे बेहतर बल्लेबाज रहेंगे करुण : कुंबले

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** पूर्व क्रिकेटर और भारतीय टीम के कोच रहे अनिल कुंबले ने कहा है कि विराट कोहली के टेस्ट प्रारुप से संन्यास लेने के कारण अब उनकी जगह नंबर चार पर किसी अच्छे बल्लेबाज की जरुरत है। कुंबले के अनुसार ऐसे में अभी उपलब्ध विकल्पों में सबसे बेहतर करुण नायर हैं। नायर के नाम टेस्ट में एक तिहरा शतक भी है पर अन्होंने अपना अंतिम टेस्ट आठ साल पहले खेला था। पिछले कुछ समय में करुण ने घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाये हैं। आईपीएल सत्र में भी अब तक उसका प्रदर्शन अच्छा रहा है। कुंबले ने कहा, करुण ने जिस तरह का घरेलू प्रदर्शन किया है, उसे देखते हुए वह भारतीय टीम में वापसी मिलनी चाहिये। इसलिए शायद वह भारत के लिए नंबर 4 पर खेल सकते हैं, क्योंकि मुझे लगता है कि आपको थोड़े अनुभव की जरूरत होती है।



आपको इंग्लैंड में किसी ऐसे खिलाड़ी की जरूरत है जो वहां जाकर खेल चुका हो। वह काउंटी क्रिकेट खेल चुका है, इसलिए वह वहां के हालातों को जानता है। करुण की उम्र भले ही 30 के पार हो पर वह अभी भी फिट है। अगर उसे मौका मिलता है, तो इससे युवाओं को फर्स्ट क्लास क्रिकेट का महत्त्व पता चलेगा। वहीं अगर घरेलू क्रिकेट में किए गए प्रदर्शन को मान्यता नहीं मिलती है,युवा उससे दूरे हो जाएंगे। कुंबले ने कहा कि करुण आजकल जबरदस्त फॉर्म में हैं, उन्होंने घरेलू सत्र में रणजी ट्रॉफी 2024-25 में विदर्भ की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

## बुमराह को ही कप्तानी दी जानी चाहिये : मांजरेकर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने कहा है कि वह अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को ही कप्तान बनाने के पक्ष में हैं। मांजरेकर के अनुसार बुमराह जैसे कुशल कप्तान के होते हुए किसी और को कैसे ये जिम्मेदारी दी जा सकती है। साथ ही कहा कि बुमराह की फिटनेस को लेकर अगर कोई परेशानी है तो उपकप्तान बेहतर बनायें। मांजरेकर इससे हैरान हैं कि शुभमन गिल को टीम की कप्तानी सोंपने की बातें चल रही हैं। उनकी नजर में जसप्रीत बुमराह को ही टेस्ट का अगला कप्तान होना चाहिए। बुमराह पिछली




बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में टीम इंडिया के उप-कप्तान थे, रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में उन्होंने कप्तानी संभाली थी, मगर अधिक काम के बोझ के कारण वह अंतिम मैच में चोटिल हो गए थे। बुमराह की चोट को देखते हुए ह चयनकर्ता उन्हें कप्तान के लिए प्रबल दावेदार नहीं मान रहे हैं। मांजरेकर ने कहा, मैं हैरान हूं कि हम टेस्ट कप्तान के तौर पर बुमराह के अलावा किसी और विकल्प पर विचार कर रहे हैं। उनकी चोटों को लेकर चिंतित हैं? तो अपने उप-कप्तान को सावधानी से चुनें। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के पहले और पांचवें मैच में टीम की कप्तानी की थी। अंतिम टेस्ट के दौरान वह चोटिल हो गए थे, इस चोट की वजह से उन्हें तीन महीने क्रिकेट से दूर रहना पड़ा था और वह चैंपियंस ट्रॉफी में भी नहीं खेल पाये थे। ऐसे में चयनकर्ता ऐसे नाम पर विचार कर रहे हैं जो सभी मैच के लिए उपलब्ध हो और जिसपर चोट का कम से कम प्रभाव हो, ऐसे में बुमराह कप्तानी की सूची से बाहर हो गये हैं। इन चिंताओं के बावजूद, मांजरेकर का मानना ??है कि बुमराह कप्तानी के सबसे बड़े उम्मीदवार हैं।

## जडेजा ने सबसे अधिक समय तक नंबर एक पर रहने का बनाया रिकार्ड

एजेंसी

**दुबई ।** भारतीय टीम के अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा पिछले तीन साल से आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक स्थान पर बने हुए हैं। इसकी के साथ ही जडेजा ने सबसे अधिक समय से नंबर एक पर बने रहने का नया रिकार्ड बनाया है। जडेजा के इस रिकॉर्ड को तोड़ना किसी भी ऑलराउंडर के लिए असंभव सा है। वह लगातार 1,151 दिनों तक शीर्ष पर रहे हैं, जो टेस्ट क्रिकेट इतिहास में नंबर एक टेस्ट ऑलराउंडर के रूप में सबसे लंबी अवधि है। ये



उपलब्धि दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर जैक्स कैलिस, भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर कपिल देव या पाकिस्तान के इमरान खान के नाम भी नहीं है। जडेजा पहली बार 9 मार्च 2022 को टेस्ट क्रिकेट में नंबर वन ऑलराउंडर बने थे। उस समय उन्होंने वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर जेसन होल्डर को पीछे कर वह नंबर एक स्थान पर आये थे। इसके बाद से ही वह लगातार नंबर एक पर बने हुए हैं। अब उनके कुल 400 अंक हो गए हैं। वहीं पिछले सत्र की बात करें तो जडेजा ने 30 के औसत से कुल 527 रन बनाये हैं। वहीं गेंदबाज के तौर पर 24 के करीब के औसत से 48 विकेट लिए हैं। इन आंकड़ों से उनकी निरंतरता का अंदाज होता है।

## तीन दिवसीय इंट्रा कॉलेज शतरंज चैंपियनशिप की शुरूआत



एजेंसी

**रांची ।** तीन दिवसीय इंट्रा कॉलेज शतरंज चैंपियनशिप की शुरूआत इंस्टीट्यूट आफ लीगल स्टडी, रांची में हुई। इस टूनामेंट का उद्घाटन प्रोफेसर निशिकांत प्रसाद ने पहली चला चढ़कर किया । इस टूनार्मेंट में सेमेस्टर 2, 4, 6, 8 और 10 के कुल 32 छात्र -छात्राएं भाग ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता 5 राउंड की है। हर राउंड का समय 30 मिनट निर्धारित है। पांचों राउंड में सबसे अधिक अंक लाने वाला प्रतियोगी प्रथम स्थान प्राप्त करेगा। इस अवसर पर सभी प्रतियोगी उपस्थित रहे । यह प्रतियोगिता स्पोर्ट्स इंचार्ज डॉ मोहम्मद जाकिर, सचिन और आर्यन के देख रेख में खेला जा रहा है।

### आईएलटी20 क्रिकेट लीग के चौथे सत्र का कार्यक्रम घोषित

**दुबई ।** डीपी विश्व इंटरनेशनल लीग (आईएलटी20) का चौथा सत्र इस साल के अंत में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में शुरू होगा। ये लीग दो दिसंबर से शुरू होकर चार जनवरी तक चलेगी। यह टूनार्मेंट जनवरी फरवरी में खेला जाता है पर अगले साल फरवरी मार्च में आईसीसी पुरूष टी20 विश्व कप हो देखते हुए इसके कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। अमीरात क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष और आईएलटी20 के चेयरमैन खालिद अल जरूनी ने कहा , ह्रहमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि डीपी विश्व अंतरराष्ट्रीय टी20 लीग का चौथा सत्र यूएई के राष्ट्रीय दिवस ईद अल एतिहाद से शुरू होगा ह्व इसके पिछले सत्र में सैम कुरेन, शाइ होप, फजलहक फारूकी, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, डेविड वॉर्नर और राशिद खान समेत कई स्टार खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

## रियल मैड्रिड की आखिरी पलों में जीत

- बार्सिलोना की जश्न की उम्मीदों को झटका
- बार्सिलोना की खिताबी उम्मीदों को लगा विराम

एजेंसी

**मैड्रिड।** सैंटियागो बनार्बेउ स्टेडियम में बुधवार देर रात खेले गए मुकाबले में रियल मैड्रिड ने अंतिम समय में गोल दागकर आरसीडी मल्लोर्का को 2-1 से हराया और बार्सिलोना की ला लीगा खिताब जीतने की उम्मीदों को फिलहाल के लिए टाल दिया।

इस जीत के साथ ही मैड्रिड ने अंक तालिका में बार्सिलोना से फासला घटाकर 4 कर दिया है। अब यदि गुरुवार को बार्सिलोना अपने पड़ोसी क्लब एस्पानयोल को हरा देता है, तो वह खिताब अपने नाम कर सकता है। इससे पहले, रविवार को



'एल क्लासिको' में बार्सिलोना के हाथों हार झेलने के बाद रियल मैड्रिड के पास यह मुकाबला जीतने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। मैच की शुरूआत में मल्लोर्का ने आक्रामक अंदाज दिखाया और 11वें मिनट में मार्टिन वैलजेंट ने गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। मैड्रिड की ओर से कई प्रयास हुए, लेकिन मल्लोर्का के गोलकीपर लियो रोमन ने शानदार बचाव करते हुए पहले हाफ में जूड बेलिंघम, किलियन एम्बाप्पे और फेडे वाल्वर्डे को गोल करने से रोके रखा। दूसरे हाफ में आखिरकार 68वें मिनट में किलियन एम्बाप्पे ने बेहतरीन फुटवर्क दिखाते हुए तीन डिफेंडरों को छकाया और गेंद को नेट में डालकर स्कोर 1-1 कर दिया। यह इस सीजन में एम्बाप्पे का 40वां गोल था। जब मैच ड्रॉ की ओर बढ़ रहा था, तभी इंजरी टाइम के 95वें मिनट में 20 वर्षीय डिफेंडर जैकोबो रामोन ने गिरती हुई गेंद को गोलकीपर के ऊपर से नेट में डालकर मैड्रिड को जीत दिला दी। मैड्रिड के कोच कार्लो अनचेलोटी सीजन के बाद ब्राजील की राष्ट्रीय टीम की कमान संभालने जा रहे हैं। चोटिल खिलाड़ियों के चलते मैड्रिड की टीम इस मैच में विनीसियस जूनियर और रोड्रिगो जैसे खिलाड़ियों के बिना उतरी, लेकिन युवा खिलाड़ियों ने बेहतरीन जज्बा दिखाया। वहीं मल्लोर्का की टीम यूरोपीय टूनार्मेंट में क्वालिफाई करने की दौड़ में बनी हुई है और इस मैच में उसने भी दमदार खेल दिखाया। अब निगाहें गुरुवार को होने वाले बार्सिलोना बनाम एस्पानयोल मुकाबले पर होंगी, जहां जीत के साथ ही बार्सिलोना अपना 28वां ला लीगा खिताब हासिल कर सकता है।

## आईपीएल सत्र के बाद संन्यास ले सकते हैं धोनी

एजेंसी

**मुम्बई ।** नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के चोटिल होने के कारण चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) की कप्तानी संभाल रहे महेन्द सिंह धोनी का प्रदर्शन आईपीएल के इस सत्र में अच्छा नहीं रहा है। वह फिटनेस समस्याओं से भी जूझते दिखे। इससे ये संकेत मिलते हैं कि धोनी इस सत्र के बाद शायद ही खेलते हुए दिखें। इस सत्र में सीएसके की टीम को प्रदर्शन भी बेहद खराब रहा और वह प्लेऑफ से भी शुरूआत में ही बाहर हो गयी। उसके बाद से ही धोनी ने कहा था कि अब टीम अगले सत्र के लिए प्रतिभाशाली



खिलाड़ियों की तलाश कर रही है। जो बताता है कि धोनी आईपीएल से संन्यास ले सकते हैं। वैसे भी धोनी की उम्र 43 साल हो गयी है और अब उनके खेल में पहले वाली बात नहीं रह गयी है। वह पिछले आईपीएल में भी मांसपेशियों में खिंचाव से पीड़ित रहे थे। चोट की वजह से धोनी की लय भी प्रभावित हुई है। टीम में अब नए खिलाड़ियों को शामिल किया जा रहा है जिसमें धोनी मेंटर की भूमिका निभा सकते हैं। उनका अनुभव सीएसके के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण होगा। दूसरी ओर, धोनी ऋतुराज को कप्तानी और फील्ड प्लेसमेंट के बारे में कुछ टिप्स सीखने में मदद कर सकते हैं।

धोनी आईपीएल के इतिहास में 100 पारी में नाबाद रहने वाले एकमात्र बल्लेबाज हैं। धोनी के बाद सबसे ज्यादा बार नाबाद रहने वाले खिलाड़ी रविंद्र जडेजा हैं। जडेजा 80 बार ऐसा कमाल आईपीएल करियर में कर चुके हैं। वहीं तीसरे नंबर पर कायरन पोलार्ड हैं। वह 52 बार नाबाद रहे हैं।

## नीरज चोपड़ा को लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद उपाधि

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** भारतीय सेना ने ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद उपाधि से सम्मानित किया है। नीरज ने ओलंपिक में स्वर्ण और रजत पदक जीते हैं। इसके अलावा वह विश्व चैम्पियनशिप विजेता भी हैं। नीरज 26 अगस्त 2016 को नायब सूबेदार के रूप में भारतीय सेना में जूनियर कमीशंड अधिकारी के रूप में पहली बार शामिल हुए थे। इसके दो वर्ष बाद नीरज को एथलेटिक्स में शानदार प्रदर्शन के लिए अर्जुन पुरस्कार मिला और फिर 2021 में खेल रत्न से सम्मानित किया गया। इस वर्ष उन्हें सूबेदार के पद पर पदोन्नत



किया गया। टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने पर नीरज को 2022 में भारतीय सेना के सर्वोच्च शांतिकालीन सम्मान परम विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया। उन्हें टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद रैंक दी गई भारतीय सेना ने इससे पहले भी कई प्रसिद्ध खिलाड़ियों को उनके खेल में उत्कृष्ट योगदान और राष्ट्र के प्रति समर्पण के लिए मानद सैन्य उपाधियाँ प्रदान की थीं। । निशानेबाज अभिनव बिंद्रा को टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद रैंक दी गई। ब्रिंदा ओलंपिक 2008 में 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय व्यक्तिगत ओलंपिक चैंपियन रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव को 2008 में टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद रैंक प्रदान की गई। यह सम्मान उनके क्रिकेट में योगदान और नेतृत्व के लिए दिया गया। कपिल की कप्तानी में ही साल 1983 में भारतीय टीम ने विश्वकप सहित कई अन्य खिताब जीते थे।

# ईशान को मिल सकती है इंडिया ए टीम में जगह

एजेंसी


**मुम्बई ।** पिछले काफी समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे बांए हाथ के बल्लेबाज ईशान किशन को इंग्लैंड दौरे के लिए इंडिया ए टीम में जगह मिल सकती है। इंग्लैंड दौरे में इंडिया ए को इंग्लैंड लायंस से दो अभ्यास मैच खेलने हैं। इसके अलावा उसका एक अभ्यास मुकाबला भारतीय टीम से भी होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक चयनकताओं ने दोनों अभ्यास मैचों के लिए दो अलग टीमों का चयन किया है। यह फैसला आईपीएल के संशोधित कार्यक्रम के कारण लेना पड़ा है क्योंकि कई खिलाड़ी इस दौरान आईपीएल में व्यस्त रहेंगे। इंग्लैंड लायंस से पहला मैच 30 मई से होगा। इंग्लैंड दौरे पर अभ्यास मैचों के लिए टीम में ईशान




किशन को भी अवसर दिया जा सकता है। टीम की कप्तानी अभिमन्यु ईश्वरन को दिये जाने की संभावना है। इसमें शार्दूल ठाकुर और अंशुल कंबोज के नाम भी शामिल हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इंग्लैंड दौरे पर पहले अभ्यास मैचों के लिए उन आईपीएल टीमों के खिलाड़ियों को अवसर दिया जा रहा है जो प्लेऑफ से बाहर हो गयी हैं। इसी के तहत ही यशस्वी जायसवाल पहला अभ्यास मैच खेलने के लिए इंग्लैंड रवाना हो सकते हैं। उनकी टीम राजस्थान रॉयल्स, पहले ही आईपीएल से बाहर हो गयी है। इसके अलावा ईशान भी टीम में शामिल किये जा सकते हैं। इसका कारण है कि उनकी टीम, सनराइजर्स हैदराबाद पहले ही आईपीएल से बाहर हो गयी है। किशन को जगह के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल से टक्कर मिल रही है। जुरेल जो बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान भारतीय टेस्ट टीम में शामिल थे। यह दोनों ही पहले अभ्यास मैच में इंडिया ए में शामिल किये जा सकते हैं। इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो अभ्यास मैच ईश्वरन के लिए बड़ा मौका साबित हो सकते हैं। वह काफी समय से टीम इंडिया में प्रवेश का प्रयास कर रहे हैं। इंडिया ए के लिए अच्छा प्रदर्शन करके ईश्वरन टेस्ट टीम में यशस्वी जायसवाल के जोड़ीदारी के तौर पर उतरने के लिए अपनी दावेदारी कर सकते हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक करुण नायर और मुकेश कुमार भी पहले अभ्यास मैच के लिए इंडिया ए टीम में हैं। हालांकि अगर इनकी आईपीएल टीम, दिल्ली कैपिटल्स प्लेऑफ के लिए क्वॉलीफाई कर जाती है तो उन्हें जगह नहीं मिलेगी। गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज को डिया ए टीम में शामिल किया जा सकता है।

संभावित इंडिया ए टीम : यशस्वी जायसवाल, ईशान किशन, करुण नायर, नीतीश कुमार रेड्डी, अभिमन्यु ईश्वरन, ध्रुव जुरेल, शार्दूल ठाकुर, तनुष कोटियान, मुकेश कुमार, आकाशदीप, खलील अहमद, अंशुल कंबोज और मानव सुथार।



रोम में इटालियन ओपन टेनिस में खेलती हुई अमेरिका की कोको गाफ।

# मन की साधना



चतुर्मास का समय निकट आया तो भिक्षु सुशांत ने बुद्ध से आग्रह किया प्रभु, मैं नगरवधू सोमलता के सान्निध्य में अपना चतुर्मास व्यतीत करना चाहता हूं। कृपया इसकी आज्ञा प्रदान करें। यह सुनकर बुद्ध मुस्कराए। वह समझ गए कि यह वहां जाकर मन को साधकर सच्चा साधक होना चाहता है, लेकिन अन्य भिक्षुओं ने इस पर आपत्ति जताई। उन्हें संदेह था कि सुशांत कहीं अपने पथ से विचलित न हो जाए, पर बुद्ध ने भिक्षुओं के विरोध के बावजूद उसे आशीर्वाद देते हुए कहा, जाओ और आगे बढ़कर आना। सुशांत सोमलता के पास पहुंचा। वहां सब उसे देखकर आश्चर्यचकित रह गए। लेकिन सुशांत अपने संकल्प पर अडिग था।

इधर सोमलता के घुंघरुओं की आवाज गूंजती और उधर सुशांत अपनी साधना में लीन रहता। सोमलता सुशांत को रिझाने का प्रयास करती, मगर वह निर्लिप्त रहता। एक मास गुजर गया मगर सोमलता सुशांत को डिगा न सकी। हां, उससे थोड़ी सहानुभूति अवश्य होने लगी। उसने दूसरों को भी साधना के क्षणों में शांत रहने को कह दिया। चौथा मास आते-आते सुशांत ने अपने मन पर नियंत्रण पा लिया था। वह सोमलता या अन्य सुंदरियों की ओर आंख उठाकर भी नहीं देखता था। संगीत उसे बुद्ध-वाणी की तरह लगता था और नृत्यालय देवालय की तरह। चार मास पूर्ण हुए और सुशांत अपने मठ की ओर वापस चला तो सबने आश्चर्य से देखा- भिक्षुणी बनी सोमलता उसके पीछे-पीछे अपना सर्वस्व त्याग कर जा रही थी। सोमलता अपने रूप-रंग से सुशांत को रिझा न सकी, मगर सुशांत के तप का प्रभाव सोमलता पर दिख रहा था। सुशांत वास्तव में आगे बढ़ गया था।

# भाग्य और पुरुषार्थ

राजा विक्रमादित्य के दरबार में कई ज्योतिषी थे। मगर वह कोई काम शुभ लग्न देख कर या ज्योतिषी की सलाह लेकर नहीं करते थे। एक दिन राज ज्योतिषी उनके पास आए और बोले, महाराज, आप के दरबार में कई ज्योतिषी हैं। आप की तरफ से उन्हें सभी सुविधाएं मिली हुई हैं, पर आप कभी हमारी सेवाएं नहीं लेते। आज मैं आप की हस्तरेखा देख कर यह जानना चाहता हूं कि आप ऐसा क्यों करते हैं?

राजा ने कहा, मेरे पास इतना समय नहीं रहता कि मैं आप लोगों से सलाह ले सकूं। जहां तक हस्तरेखा की बात है तो मैं इसमें विश्वास नहीं रखता। लेकिन आप कह रहे हैं तो देख लीजिए। हाथ देख कर राज ज्योतिषी चक्कर में पड़ गए। उनकी आवाज बंद हो गई। राजा ने पूछा, क्या हुआ। आप इतने परेशान क्यों हैं? राज ज्योतिषी ने कहा, राजन्, आप की हस्तरेखाएं तो कुछ और कहती हैं। ज्योतिष के अनुसार आप को तो दुर्बल और दीनहीन होना चाहिए था। लेकिन आप तो इसके विपरीत हैं। हजारों साल से ज्योतिष विद्या पर विश्वास करने वाले लोग आपकी रेखाएं देख कर भ्रमित हो जाएंगे। समझ में नहीं आ रहा कि ज्योतिष को सच मानूं या आप की रेखाओं को। विक्रमादित्य ने कहा, अभी तो आप ने मेरे बाहरी लक्षणों को ही देखा है, अब आप हमारे अंदर झांक कर देखिए। इतना कह कर राजा ने तलवार की नोक अपने सीने में लगा दी। राज ज्योतिषी घबरा कर बोले, बस महाराज, रहने दीजिए।

राजा ने कहा- ज्योतिषी महाराज, आप परेशान मत हों। ज्योतिष विद्या भी तभी सार्थक सिद्ध होती है, जब मनुष्य में कुछ करने का संकल्प हो। हस्तरेखाएं तो भाग्य नहीं बदल सकतीं, लेकिन मनुष्य में यदि पुरुषार्थ है, अभाग्य से लड़ने की शक्ति है तो उसकी नकारात्मक रेखाएं भी अपने रूप बदल सकती हैं। लगता है मेरे साथ ऐसा ही हुआ है। राज ज्योतिषी अवाक हो गए।

**गीता डॉक्टर की भांति है। बस फर्क इतना ही है कि डॉक्टर शरीर के रोगों का इलाज करता है, जबकि गीता मन के रोगों का इलाज करती है और उन्हें दूर करने का मार्ग दिखाती है।**

# गीता में है जीवन का ज्ञान



गीता का उपदेश जीवन की धारा है। चूंकि गीता में जीवन की सच्चाई छिपी है और इसमें जीवन में आने वाली दुश्वारियों के कारण व निवारण दोनों को ही विस्तार से समझाया गया है। इसलिए गीता के उपदेश विश्व भर में प्रसिद्ध हैं और हर वर्ग को प्रभावित करते हैं।

गीता डॉक्टर की भांति है। बस फर्क इतना ही है कि डॉक्टर शरीर के रोगों का इलाज करता है, जबकि गीता मन के रोगों का इलाज करती है और उन्हें दूर करने का मार्ग दिखाती है। जिस प्रकार डॉक्टर रोगी को रोग के निवारण के साथ-साथ उसके कारण भी बताता है। ठीक उसी प्रकार से गीता का अगर गहनता से अध्ययन किया जाए तो इससे मन के रोगों का कारण और निवारण दोनों का पता चल जाता है। गीता मन के रोगों को दूर करने का एक सशक्त माध्यम है।

गीता ज्ञान से मानव जीवन में मोह को भी आसानी से दूर किया जा सकता है। मोह जीवन लीला को धीरे-धीरे नष्ट कर देता है। जीवन में दुखों का सबसे बड़ा कारण मोह ही है। जीवन को अगर सफल बनाना है और मोह से मुक्ति पानी है तो गीता की शरण में जाना पड़ेगा। गीता से ज्ञान पा कर मानव मोक्ष को प्राप्त कर सकता है। गीता का ज्ञान मनुष्य को उसकी आत्मा के अमर होने के विषय में बोध करवा कर अपने कर्तव्य कर्म को पूर्ण निष्ठा से करने को प्रेरित करता है। परमात्मा ने मनुष्य को देह केवल भोग के लिए प्रदान नहीं की है, अपितु हमें इसका उपयोग मोक्ष प्राप्ति के लिए करना चाहिए।

साधू व नदी कभी एक स्थान पर नहीं रुकते और निरंतर आगे बढ़ते हुए विभिन्न स्थानों पर जन-जन के हृदयों में अपने ज्ञान व भक्ति के प्रभाव से उन्हें लाभांवित व आनंदित करते हैं। प्रत्येक मानव को पूरी श्रद्धा व निष्ठा से पर-उपकार के लिए तैयार रहना चाहिए और अपने ज्ञान से जगत को प्रकाश मान करने का प्रयास करते रहना चाहिए, असल में यही मानव धर्म है।

अगर श्रीमद्भगवद् गीता का अध्ययन नित्य करें, तो इस बात का आभास सहजता से होता है कि उसमें सिखाया कुछ नहीं गया है, बल्कि समझाया गया कि इस संसार का स्वरूप क्या है? उसमें यह कहीं नहीं कहा गया कि आप इस तरह चलें या उस तरह चलें, बल्कि यह बताया गया है कि किस तरह की चाल से आप किस तरह की छवि बनाएंगे? उसे पढ़कर मनुष्य कोई नया भाव नहीं सीखता, बल्कि संपूर्ण जीवन सहजता से व्यतीत करने के मार्ग पर चल पड़ता है।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उसमें एक वैज्ञानिक सूत्र है कि 'गुण ही गुणों को बरतते हैं।' इसका मतलब यह है कि जैसे संकल्पों, विचारों तथा कर्मों से आदमी बंधा है, वैसा ही वह व्यवहार करेगा। उस पर खाने-पीने और रहने के कारण अच्छे तथा बुरे प्रभाव होंगे। सीधी बात यह है कि अगर आप यह चाहते हैं कि अपने ज्ञान के आईने में आप स्वयं को अच्छे लगें तो अपने संकल्प, विचारों तथा कर्मों में स्वच्छता के साथ अपनी खान-पान की आदतों तथा रहन-सहन के स्थान का चयन करना पड़ेगा।

अगर आप आने अंदर दोष देखते हैं तो विचलित होने की बजाय यह जानने का प्रयास करें कि आखिर वह किसी बुरे पदार्थ के ग्रहण करने या किसी व्यक्ति की संगत के परिणाम से आया है। जैसे ही आप गीता का अध्ययन करेंगे, आपको अपने अंदर भी ढेर सारे दोष दिखाई देंगे और उन्हें दूर करने का मार्ग भी पता लगेगा।

गीता किसी को प्रेम करना, अहिंसा में लिप्त होना नहीं सिखाती, बल्कि प्रेम और अहिंसा का भाव अंदर कैसे पैदा हो, यह समझाती है। सिखाने से प्रेम या अहिंसा का भाव नहीं पैदा होगा, बल्कि वैसे तत्वों से संपर्क रखकर ही ऐसा करना संभव है। कोई दूसरे को प्रेम नहीं सिखा सकता, क्योंकि जिस व्यक्ति का घृणा पैदा करने वाले तत्वों से संबंध है, उसमें प्रेम कहां से पैदा होगा?

श्रीमद्भगवद् गीता में चार प्रकार के भक्त बताए गए हैं। भगवान की भक्ति होती है तो जीव से प्रेम होता है। अतः भक्ति की तरह प्रेम करने वाले भी चार प्रकार के होते हैं-आर्ती, अर्थार्थी, जिज्ञासु तथा ज्ञानी। पहले बाकी तीन का प्रेम क्षणिक होता है जबकि ज्ञान का प्रेम हमेशा ही बना रहता है। अगर आपके पास तत्व ज्ञान है तो आप अपने पास प्रेम व्यक्त करने वालों की पहचान कर सकते हैं, नहीं तो कोई भी आपको हांक कर ले जाएगा और धोखा देगा।

# जीवन का आधार है आध्यात्मिक ऊर्जा




## विज्ञान की भाषा

विज्ञान इन अदृश्य शक्तियों को एनर्जी कहता है। उदाहरण के लिए बिजली से बल्ब जलता है, पंखे चलते हैं, लेकिन हम बिजली को कभी नहीं देख पाते हैं। हम उसका न केवल कार्य, बल्कि परिणाम भी देखते हैं। उसके स्वरूप के बारे में जान पाना कठिन है। ठीक उसी प्रकार प्रत्येक जीव में ऊर्जा मौजूद होती है, जिससे जीव में प्राण-शक्ति का संचार होता रहता है। दूसरे शब्दों में कहें, तो इस प्राण-शक्ति को हम देख नहीं पाते हैं।

संसार के सभी प्राणियों में ऊर्जा मौजूद है। वास्तव में यह ऊर्जा हमारे जीवन का आधार है। इसे हम अणु, परमाणु, एनर्जी आदि नामों से जानते हैं। यानी अपनी सुविधा के अनुसार, हम ऊर्जा को अलग-अलग नाम दे देते हैं। यह एक ऐसी अदृश्य शक्ति है, जिसका हम केवल अनुभव ही कर सकते हैं, देख नहीं सकते। हम अपनी आंखों से तो पृथ्वी पर मौजूद सभी पदार्थों को देख लेते हैं, लेकिन ऊर्जा को देख पाना हमारे लिए संभव ही नहीं हो पाता है। लेकिन उन्हें महसूस जरूर कर सकते हैं। लेकिन फिर भी इन अदृश्य शक्तियों के अस्तित्व को अस्वीकार कर पाना हमारे लिए असंभव होता है।

## ऊर्जा और अध्यात्म का संबंध

अध्यात्म की भाषा में ऊर्जा को न केवल प्राण-वायु या आत्मा कहा जाता है, बल्कि जीव को ईश्वर का अंश भी माना जाता है। यह ऊर्जा ही है, जो सभी जीवों को जिंदा रखने में मदद करता है। हम देखते हैं कि अदृश्य शक्ति, यानी ऊर्जा के सहारे हमारे शरीर के सभी अंग सुचारू रूप से काम करते हैं। जैसे ही वह अदृश्य-शक्ति की लोप होती है, हमारे शरीर की सभी क्रियाएं बंद हो जाती हैं। शरीर के सभी अंग-आंख, नाक, कान, यहां तक कि इंद्रियां भी काम करना बंद कर देती हैं और शरीर निष्क्रिय हो जाता है।

हम यह सोचने के लिए मजबूर हो जाते हैं कि आखिर वह कौन सी शक्ति है, जो हमारे अंगों को संचालित करती है? आज का विज्ञान भले ही चांद, तारों और ग्रहों के बारे में हमें जानकारी देता हो, लेकिन आज भी इस अदृश्य-शक्ति को समझने की क्षमता अभी तक विज्ञान के पास नहीं है। शायद इसलिए कहा जाता है कि जहां विज्ञान की सीमा समाप्त हो जाती है, वहीं से महा विज्ञान शुरू हो जाता है। वास्तव में यह महाविज्ञान अध्यात्म है, जीवन दर्शन है। हमारा जीवन-दर्शन न केवल जीवन के अनुभवों के बारे में बताता है, बल्कि जीवन के रहस्यों को भी समझने का प्रयास करता है। यही वजह है कि इसकी पढ़ाई विद्यालयों या महाविद्यालयों में नहीं होती है। ऋषि-मुनियों ने वर्षों पूर्व ऐसे ही रहस्यों को समझने की कोशिश की थी। यदि इस रहस्य को समझने की स्थिति में जीव आ जाता है, तो उसे जीवन-शक्ति का अनुभव भी होने लगता है।

जीवन-शक्ति का अनुभव प्राप्त करने के लिए हमे सबसे पहले ऊर्जा के अदृश्य स्वरूप का अनुभव प्राप्त करना पड़ेगा, क्योंकि जैसा कि हम सभी जानते हैं कि जीवन-शक्ति का केवल अनुभव किया जा सकता है, देखा या परखा नहीं जा सकता है। हमारी आंखें देखती हैं, कान सुनता है, लेकिन इस देखने और सुनने की प्रक्रिया को हम केवल अनुभव कर सकते हैं। यदि हम अपने अनुभवों को न केवल अपने अंतर्मन में उतार लेते हैं, बल्कि इस प्रक्रिया के आदी भी हो जाते हैं, तो इसे ही साधना कहा जाता है। यह साधना ही है, जिसके माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन-शक्ति का अनुभव करने लगता है। इसके लिए हमें आत्म-केंद्रित होना अति आवश्यक होता है।



# अनुपम खेर की तन्वी द ग्रेट में मेजर श्रीनिवासन का किरदार निभाएंगे अरविंद स्वामी

अभिनेता से निर्देशक बने अनुपम खेर इन दिनों अपनी पहली निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' को लेकर लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। फिल्म में लगातार नए-नए एक्टर्स की एंट्री हो रही है। जिनका अनुपम खेर स्वागत कर रहे हैं। इयान ग्लेन, बोमन ईरानी और जैकी श्रॉफ के बाद अब अनुपम खेर की फिल्म में एक और एक्टर की एंट्री हुई है। जिसकी जानकारी अनुपम खेर ने खुद दी है।

## अनुपम खेर ने अरविंद स्वामी को बताया भरोसेमंद दोस्त

अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के माध्यम से ये जानकारी दी है कि एक्टर अरविंद स्वामी की फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' में एंट्री हुई है। अरविंद स्वामी फिल्म में मेजर श्रीनिवासन की भूमिका निभाएंगे। अनुपम ने अरविंद स्वामी का पोस्टर शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, पहली बार मैंने अरविंद स्वामी को रोजा में देखा था। मैं इस नए अभिनेता के अभिनय से दंग रह गया। फिर मैंने उन्हें फिल्म बॉम्बे में देखा। मेरे लिए, वह भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में एक शानदार अभिनेता का आगमन था। बहुत सालों बाद में हमने एक फिल्म की 'सात रंग के सपने'। इस फिल्म के दौरान मुझे जीवन भर के लिए सबसे भरोसेमंद और विश्वसनीय दोस्त मिला।

## कई सालों तक याद किया जाएगा मेजर श्रीनि का किरदार

निर्देशक अनुपम खेर ने आगे अरविंद स्वामी की भूमिका के बारे में बात करते हुए लिखा, जब मैं 'तन्वी द ग्रेट' के लिए मेजर श्रीनिवासन की भूमिका के लिए किसी अभिनेता को चुनना चाहता था, तो मेरे दिमाग में कोई और नहीं आया। फिल्म में उन्हें मेजर श्रीनि कहा गया है, जो ताकत, साहस और बहादुरी का पावरहाउस है। अरविंद के प्रदर्शन ने मुझे गौरवान्वित महसूस कराया। ठीक वैसे ही जैसे भारतीय सेना हम सभी को सुरक्षित, संरक्षित और प्रतिष्ठित महसूस कराती है। स्वामी आपकी दोस्ती, मुझ पर विश्वास और आपकी प्रतिभा के लिए धन्यवाद। आप न केवल एक बेहतरीन अभिनेता हैं, बल्कि एक बेहतरीन दोस्त भी हैं। मेजर श्रीनि का आपका किरदार आने वाले कई सालों तक याद रखा जाएगा। जय हिंद।

## बोमन ईरानी और जैकी श्रॉफ भी निभाएंगे अहम भूमिकाएं

अनुपम खेर द्वारा निर्देशित 'तन्वी द ग्रेट' में शुभांगी दत्त प्रमुख भूमिका निभा रही हैं। जबकि फिल्म में बोमन ईरानी, जैकी श्रॉफ और गेम ऑफ थ्रोन्स के एक्टर इयान ग्लेन भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। हालांकि, फिल्म की रिलीज डेट का एलान अभी नहीं किया गया है।



# राजकुमार राव की पत्नी कहलाना पत्रलेखा को नहीं पसंद

**अपनी हालिया रिलीज 'फुले' को लेकर चर्चाओं में रहीं अभिनेत्री पत्रलेखा को अभिनेता राजकुमार राव की पत्नी के नाते ज्यादा पहचाना जाता है। जो कि पत्रलेखा को बिल्कुल भी पसंद नहीं है। खुद पत्रलेखा ने इस बात को स्वीकार किया कि उन्हें राजकुमार राव की पत्नी के नाम से पहचाना जाना बिल्कुल भी पसंद नहीं है।**

## मेरा एक नाम है अस्तित्व है

बातचीत में अभिनेत्री पत्रलेखा ने इस बारे में बात की। जिसमें उन्होंने शादी के बाद राजकुमार राव की पत्नी के तौर पर अधिक पहचान मिलने से नाराजगी जताई है। अभिनेत्री ने कहा, मुझे इससे वाकई नफरत है और मैं खुद को बहुत छोटा महसूस करती हूं। क्योंकि मेरा एक नाम है। मेरा एक अस्तित्व है। मेरी एक पहचान है। लेकिन एक मशहूर पति की आड़ में ये सबकुछ छुप जाता है।

## मेरा संघर्ष अभी खत्म नहीं हुआ

अपने करियर को लेकर बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा, मेरे करियर में संघर्ष अभी खत्म नहीं हुआ है। कई लोगों को लगता है कि मेरा सफर आसान रहा होगा क्योंकि मैं किसी जाने-माने अभिनेता को डेट कर रही थी या अब उससे शादी हो चुकी है। लेकिन ऐसा नहीं है। यदि आप खुद को एक व्यक्ति के रूप में स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं तो यह कभी भी आसान नहीं होता। अपना खुद का करियर ग्राफ बनाना, यह बहुत कठिन है।

## मेकर्स राजकुमार राव को कास्ट करने के इरादे से मेरे पास स्क्रिप्ट लाते हैं

पत्रलेखा ने आगे बताया कि कैसे लोग उनके पास स्क्रिप्ट इसलिए लाते हैं क्योंकि वो राजकुमार राव को फिल्म में लाने में मदद करेंगी। अभिनेत्री ने कहा, लोग अक्सर मेरे पास फिल्म की स्क्रिप्ट लेकर आते हैं, इसलिए नहीं कि वे वाकई मुझे प्रोजेक्ट में चाहते हैं। बल्कि इसलिए कि उन्हें उम्मीद है कि मैं राजकुमार राव के लिए एक पुल का काम करूंगी। मेकर्स अक्सर मेरी प्रतिभा में दिलचस्पी दिखाने के बजाय मेरे पति को कास्ट करने के छिपे हुए इरादे से मेरे पास आते हैं। इस तरह का व्यवहार बेहद अपमानजनक लगता है। यह मेरी गरिमा के खिलाफ है। मैंने हमेशा अपने करियर और राजकुमार के बीच एक लाइन बना रखी है।

## मीडिया और इंडस्ट्री से की अपील

पत्रलेखा ने मीडिया और इंडस्ट्री से भी एक अपील की कि उन्हें केवल एक लेबल तक सीमित न रखा जाए। वह कभी भी इस तरह से देखे जाने में सहज महसूस नहीं करेंगी और जब तक संभव हो, इसका विरोध करती रहेंगी।

## 'फुले' में नजर आई थीं पत्रलेखा

पत्रलेखा हाल ही में 'फुले' फिल्म में नजर आई थीं। यह फिल्म समाज सुधारक ज्योतिराव और सावित्रीबाई फुले के जीवन पर आधारित है। इससे पहले वो अनुभव सिन्हा की वेब सीरीज 'आईसी 814 कंधार हाईजैक' में एयरहोस्टेस के किरदार में दिखाई दी थीं। पत्रलेखा ने अपने करियर में कई चुनौतीपूर्ण किरदार निभाए हैं।



# फर्जी 2 के लिए शाहिद कपूर ने ली 45 करोड़ रुपए फीस

हिद कपूर पिछली बार पूजा शा हेगड़े कर साथ फिल्म देवा में नजर आए थे, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ कमाल नहीं दिखा सकी। आने वाले समय में शाहिद एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगे। इसके अलावा उनके पास वेब सीरीज फर्जी का सीक्वल भी है। अब शाहिद की फीस का खुलासा हो गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक... फर्जी 2 के लिए निर्माताओं की तरफ से शाहिद को 45 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। खास बात यह है कि यह राशि अब तक किसी भी प्रोजेक्टर के लिए मिली शाहिद के करियर की सबसे बड़ी रकम है। फर्जी 2 की कहानी लिखी जा चुकी है। इस साल के अंत तक शाहिद इसकी शूटिंग शुरू कर देंगे। यह सीरीज अगले साल के मध्य तक ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। राज और डीके ने फर्जी 2 के निर्देशन की कमान संभाली है। इसमें शाहिद का सामना विजय सेतुपति और केके मेनन से होगा। बता दें कि फर्जी का पहला भाग साल 2023 में रिलीज हुआ था, जिसे काफी पसंद किया गया। ये एक ग्राफिक आर्टिस्ट सनी की कहानी है, जो अपने दादा की प्रिंटिंग प्रेस को बचाने के लिए नकली नोट छापने की दुनिया में कदम रखता है।

# सामंथा ने निर्देशक राज निदिमोरु संग किया रिश्ता कन्फर्म!



सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों अपनी लव लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उनका नाम निर्देशक राज निदिमोरू के साथ जोड़ा जा रहा है। इस बीच सामंथा ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें राज निदिमोरु भी नजर आ रहे हैं। इसके बाद से ही यूजर्स का दावा है कि दोनों ने अपने रिश्ते की पुष्टि कर दी है। दरअसल, यह तस्वीरें सामंथा रुथ प्रभु ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। तस्वीरों में राज मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं और एक डॉगी उनके साथ खेल रहा है। जबकि दूसरी तस्वीर में सामंथा और राज एक साथ सेल्फी के लिए पोज देते नजर आ रहे हैं। इसके कैप्शन में एक्ट्रेस ने लिखा, 'सफर लंबा था, लेकिन आखिरकार हम यहां तक पहुंच ही गए । एक नई शुरुआत।' सामंथा और राज निदिमोरु साथ में द फैमिली मैन और सिटाडेल- हनी बनी जैसे प्रोजेक्ट्स में काम कर चुके हैं। दोनों को पिकलबॉल टीम चेन्नई सुपर चैंप्स के साथ भी देखा गया था। इसके बाद से ही उनके रिश्ते को लेकर खबरें आने लगी थीं। हालांकि, अब तक दोनों ने इस बारे में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों फिल्म शुभम का जोर-शोर से प्रमोशन कर रही हैं। यह बतौर प्रोड्यूसर उनकी पहली फिल्म होगी।

# ओप्पम के रीमेक के लिए सैफ सीखेंगे कलारीपयट्ट

सैफ अली खान मलयालम की सुपरहिट थ्रिलर फिल्म ओप्पम के हिंदी रीमेक में मुख्य भूमिका निभाएंगे। इस फिल्म का निर्देशन जाने-माने निर्देशक प्रियदर्शन करेंगे और इसकी शूटिंग इसी साल के अंत तक शुरू होने की संभावना है। फिल्म में सैफ एक नेत्रहीन व्यक्ति का किरदार निभाएंगे और इस भूमिका को प्रामाणिकता देने के लिए वह पारंपरिक भारतीय मार्शल आर्ट कलारीपयडू भी सीखेंगे।

सैफ की यह ट्रेनिंग इस चुनौतीपूर्ण भूमिका के प्रति उनकी कमिटमेंट को दर्शाता है, जिसमें फिजिकल स्किल और इमोशनल इंटेंसिटी दोनों की जरूरत है। एक रिपोर्ट के अनुसार सैफ, राहुल ढोलकिया की फिल्म पूरी करने के बाद दो महीने का ब्रेक लेंगे। इस इस दौरान वह नेत्रहीन व्यक्ति का किरदार निभाने की तैयारी के लिए वर्कशॉप में भाग लेंगे। इसके बाद, वह कलारीपयडू सीखने के लिए केरल जाएंगे, क्योंकि उनका किरदार एक कुशल मार्शल आर्टिस्ट का है। मूल फिल्म ओप्पम में मोहनलाल का किरदार अपनी तेज सूंघने, सुनने और छूने की क्षमता के जरिए रहस्य को सुलझाता है और सैफ भी हिंदी रीमेक में उसी परफेक्शन को लाने के लिए कमिटेड हैं। वह इसमें इंटेंस एक्शन सीक्वेंस करते दिखेंगे।

ओप्पम जयरामन नाम के शख्स की कहानी बताती है, जो नेत्रहीन है और एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की बेटी की रक्षा करता है, जिसकी हत्या उस व्यक्ति ने की है जिसे न्यायाधीश ने एक जुर्म के लिए सजा सुनाई थी। हिंदी रीमेक का निर्देशन करने के साथ ही प्रियदर्शन इसकी राइटिंग भी कर रहे हैं।





# वीरता की गाथा के साथ बड़ा मैसेज भी देगी केसरी वीर, इतिहास के सबसे अहम अध्याय को समर्पित

**जल्द ही प्रिंस धीमान निर्देशित फिल्म 'केसरी वीर' में सुनील शेट्टी एक योद्धा का किरदार निभाते नजर आएंगे। यह फिल्म सोमनाथ मंदिर पर हुए हमले की एक ऐतिहासिक कहानी कहेगी। कैसे कुछ योद्धाओं ने सोमनाथ मंदिर की रक्षा की थी, यही फिल्म की कहानी है। यह पहली बार नहीं है कि सुनील शेट्टी किसी एक्शन फिल्म कर हिस्सा बन रहे हों, वह अपने करियर में कई एक्शन फिल्म कर चुके हैं।**

**आपका किरदार इतिहास से है। इसके लुक पर क्या सावधानियां रखीं?**

वेगड़ा जी शिव भक्त योद्धा हैं, जिनके रुद्राक्ष, माला, केश, दाढ़ी और खास वेशभूषा उनकी पहचान हैं। पूरी फिल्म में एक ही कपड़े पहने यह किरदार आम शिवभक्त या भील राजा जैसा दिखता है। पिता के रूप में नियंत्रित, पर मुगलों के खिलाफ आक्रामक योद्धा के रूप में नजर आता है।

**कहीं से कोई किरदार था, जिससे इत्पायर होकर इसे आपने निभाया?**

हमने महाभारत के शूरवीरों से प्रेरित होकर भी वेगड़ा जी का किरदार डिजाइन किया है। क्लाइमैक्स में वह कालजयी रूप लेता है। वरना पूरी फिल्म में नियंत्रित दिखने वाला यह किरदार, अंत में अपने गुस्से के विस्फोट से सुनील शेट्टी नहीं, सिर्फ वेगड़ा जी के रूप में ही पहचाना जाएगा।

**क्या यह भी जेहन में था कि इसका स्केल बहुत बड़ा रखा जाए?**

बजट की कमी के बावजूद, हमने प्रामाणिक कैमरा वर्क, कॉस्ट्यूम, बैकग्राउंड स्कोर और शूटिंग से स्केल बनाए रखा। फिल्मसिटी के जंगलों को वॉर जोन जैसा बनाकर, कंकड़-पत्थरों और पेड़ों के बीच असली एक्शन सीक्वेंस शूट किए गए हैं। इसका मकसद वेगड़ा जी और हमीरजी गोहिल के वास्तविक गोरिल्ला युद्ध शैली को दिखाना है, जैसे उन्होंने विदेशी आक्रमणकारियों का सामना किया था। हमने जंगलों को जस का तस रखा।

**शांत रोल्स के विपरीत, वेगड़ा के ललकार वाले सीन में आपने क्या सोचा था?**

करो या मरो वाली स्थिति में गुस्सा स्वाभाविक है, जैसा बॉर्डर में भी था। मौत के तांडव में इंसान का आक्रामक रूप दिखता ही है। वेगड़ा जी की जगह खुद को रखकर, दुश्मन को मारने के सिवा कोई और विकल्प नहीं सूझा। एक्शन के साथ आंखों में गुस्सा लाना जरूरी था। डबिंग में आंसू थे, क्योंकि पिता अपनी बेटी को कुछ न दे पाने की हालत में जान तक देने को तैयार था।

**क्या फिल्म में कोई मैसेज भी है?**

हमारी फिल्म का यही संदेश है कि हमें बंटना नहीं है, एकजुट रहना है क्योंकि उस दौर में वेगड़ा जी जैसे वफादार योद्धा तो थे लेकिन कई राजा दुश्मनों से मिल गए और उनके मुखबिर बन गए, जिसका नतीजा सबको पता है।

**नैरटिव की ऐतिहासिक सटीकता कितनी है?**

हमारे डायरेक्टर प्रिंस धीमान बहुत सच्चे रहे हैं, हर पहलू को लेकर। सोमनाथ मंदिर पर दर्जन भर से ज्यादा बार हमले हुए। उसमें से जो चौथी बार का हमला था, हमारी कहानी उस बारे में है। युद्ध के स्केल को बड़ा दिखाने के लिए जरूर क्रिएटिव कोशिशें हुई हैं, मगर जो वेगड़ा जी का अपनी बेटी के प्रति एक बेपनाह प्यार था, वह बिल्कुल सच्चा रखा गया है।

# भारत के शौर्य व पराक्रम का प्रतीक है तिरंगा: अग्रवाल




भाजपा नोएडा महानगर ने निकाली तिरंगा यात्रा

**नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी नोएडा महानगर द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ.महेश शर्मा, राज्य सभा सांसद सुरेन्द्र नागर, विधायक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह, जिला अध्यक्ष महेश चौहान, कैप्टन विकास गुप्ता, नवाब सिंह नागर, श्रीमती विमला बाथम गोपाल अग्रवाल एवं पर्व अध्यक्ष मनोज गुप्ता रहे। यह यात्रा शहीद स्मारक सेक्टर 29 से ब्रह्मपुत्र मार्केट के सामने से होते हुए मेट्रो स्टेशन सेक्टर 18 पर समाप्त हुई।

यात्रा समाप्त होने पर राज्यमंत्री कपिल अग्रवाल ने कहा कि तिरंगा भारत के शौर्य व पराक्रम का प्रतीक है। राष्ट्र संकट के समय हमारा धैर्य और एकता ही सबसे बड़ी ताकत होती है। प्रधानमंत्री का धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि पंजाब के आदमपुर एयर बेस पर जाकर सैनिकों का हौसला बढ़ाने का काम जो किया है, वह तीनों सेनाओं का मनोबल बढ़ाने वाला है।

डॉ महेश शर्मा ने भी अपने संबोधन में कहा कि पड़ोसी देश पाकिस्तान ने भारत के अमन चैन को छेड़ने का काम किया था, भारतीय सेनाओं ने उसे मिट्टी में मिलाने का काम किया है।

तीनों सेनाओं ने एयर स्ट्राइक, सर्जिकल स्ट्राइक और अब आपरेशन सिंदूर के जरिए आतंकवादियों के शिविरों को बर्बाद करने का काम किया है।

विधायक पंकज सिंह ने कहा कि पहले कांग्रेस शासन ने आतंकवादी घटना की सिर्फ निंदा होती थी, पर अब इस नए भारत में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद का जवाब हमारी सेना ऑपरेशन सिंदूर के जरिए देती है।

जिलाध्यक्ष महेश चौहान ने कहा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए देश के 140 करोड़ नागरिक एकजुट हैं, हम सभी सेना के जवानों के साथ खड़े हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं का इस तिरंगा यात्रा को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया।

इस यात्रा में कार्यक्रम संयोजन डिंपल आनंद, उमेश त्यागी, तन्मय शंकर, चमन अवाना, सुचित्रा कक्कड़, प्रमोद बहल, राम निवास यादव, हर्ष चतुर्वेदी, महेशअवाना, राकेश शर्मा, उमानंदन कौशिक, विनोद शर्मा, अमित त्यागी, भूपेश चौधरी, वी एस चौहान, उमेश यादव, प्रदीप चौहान, ओम यादव, सत्य नारायण महावार, प्रज्ञा पाठक, राम किशन यादव, गौतम शर्मा, प्रवेश चौहान, कमल, गिरिजा सिंह, उमेश यादव, राहुल, विपुल, दीनबंधु आदि कार्यकर्ता रहे।

## एसआईटी ने लीजबैक प्रकरणों की ग्रेनो प्राधिकरण में की सुनवाई



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अंतर्गत किसानों के लीजबैक के 83 प्रकरणों पर एसआईटी के अध्यक्ष डॉ अरुणवीर सिंह ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह, ओएसडी गिरीश कुमार झा और एसडीएम जितेंद्र गौतम की मौजूदगी में किसानों के पक्ष को सुना। उनसे साक्ष्य प्राप्त किए। उनके बयान दर्ज किए गए।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ऑफिस में सुबह 11 बजे से दोपहर बाद तीन बजे तक सुनवाई चली। इससे पहले एसआईटी के अध्यक्ष डॉ अरुणवीर सिंह, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह और पूरी टीम खैरपुर गुर्जर का मौका मुआयना कर किसानों का पक्ष सुन चुकी है, लेकिन कई किसान ऐसे थे, जो कि उस समय अपने लीजबैक से संबंधित अभिलेख उपलब्ध नहीं करा सके थे। इसे ध्यान में रखते हुए एसआईटी के अध्यक्ष डॉ अरुणवीर सिंह ने किसानों को एक और अवसर देते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड रूम में बुधवार को सुनवाई की।

बता दें कि ग्रेटर नोएडा में आबादी की लीज बैक में गड़बड़ी की शिकायत पर शासन ने यीडा के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह की अध्यक्षता में एसआईटी गठित की है। एसआईटी की जांच रिपोर्ट के आधार पर शासन से 1451 प्रकरणों में लीज बैक की अनुमति पूर्व में मिल चुकी है।

## युवाओं को बनायेंगे नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक

**नोएडा (चेतना मंच)।** जिला युवा अधिकारी गौतमबुद्धनगर शिवेंद्र सिंह ने जानकारी दी है कि माई भारत, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 18 साल से ऊपर के युवाओं को नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में नामांकन के लिए आमंत्रित किया गया है। यह

### सरल पंजीकरण प्रक्रिया माय भारत पोर्टल के माध्यम से

राष्ट्रव्यापी आह्वान देश के युवा नागरिकों को आपात स्थितियों और संकट के समय राष्ट्रीय सेवा में भागीदारी का अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य एक लचीला स्वयंसेवी बल तैयार करना है, जो प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं, सार्वजनिक आपात स्थितियों और अन्य अप्रत्याशित हालात में प्रशासन का समर्थन कर सके। यह बल बचाव अभियान, प्राथमिक चिकित्सा, यातायात नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन और पुनर्वास जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए, एक मजबूत समुदाय आधारित प्रतिक्रिया तंत्र की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है। 18 साल के ऊपर युवाओं को नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक बनने का मौका देकर सरकार न केवल उन्हें सशक्त बना रही है, बल्कि समाज की सुरक्षा प्रणाली को भी सुदृढ़ कर रही है।

उन्होंने यह भी बताया कि सरल पंजीकरण प्रक्रिया माय भारत पोर्टल के माध्यम से संभव है। इच्छुक युवा https://mybharat.gov.in पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु मोबाइल नंबर 8527543111 पर संपर्क किया जा सकता है।

## दुकानदारों को प्राधिकरण की चेतावनी सिंगल यूज प्लास्टिक इस्तेमाल न करें



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त करने के लिए नोएडा प्राधिकरण द्वारा इन दोनों एंटी प्लास्टिक ड्राइव चलाई जा रही है। इस ड्राइव के दौरान नोएडा के विभिन्न सेक्टर में निरीक्षण का सिंगल यूज प्लास्टिक को जप्त किया जा रहा है नोएडा प्राधिकरण ने शहर के दुकानदारों को चेतावनी दी है की सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करें। सिंगल यूज प्लास्टिक मिलने पर आर्थिक जुर्माना लगाया जाएगा।

नोएडा को स्वच्छता रैंकिंग में लगातार आगे बढ़ाने तथा शहर को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त करने के लिए नोएडा प्राधिकरण द्वारा इन दोनों एंटी प्लास्टिक ड्राइव चलाई जा रही है। नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक जन स्वास्थ्य एसपी सिंह और इंदु प्रकाश सिंह तथा परियोजना अभियंता गौरव बंसल एवं मैसर्स गाईडेड फॉर्चून एनजीओ के द्वारा नोएडा के सेक्टर 56 स्थित डी ब्लॉक मार्केट में एंटी प्लास्टिक ड्राइव चलाई गई जिसमें प्राधिकरण की टीम ने बाजार में मौजूद ग्राहकों को सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने तथा घर से कपड़े का थैला साथ लाने की अपील की।

इस दौरान ब्रेकफास्ट प्वाइंट से तकरीबन 50 किलोग्राम प्लास्टिक जप्त की गई। नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक जन स्वास्थ्य एसपी सिंह ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल भारत सरकार ने 1 जुलाई 2022 से प्रतिबंधित कर दिया है।

नोएडा को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त करने के लिए यह ड्राइव चलाया जा रहा है। इस ड्राइव के तहत लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है।

## 95 बिल्डरों की फ्लैट्स की रजिस्ट्री कराने के निर्देश

**नोएडा (चेतना मंच)।** फ्लैट बायर्स की बिल्डर्स द्वारा रजिस्ट्री ने करने की लगातार शिकायतें प्राप्त होने पर डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण एवं ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण तथा यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के 95 बिल्डर्स की बैठक आयोजित हुई।



बैठक में डीएम ने फ्लैट्स की रजिस्ट्री 31 मई 2025 तक कराने के निर्देश दिये। बैठक में तीनों प्राधिकरणों के प्रतिनिधि तथा अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अतुल कुमार, सहायक महानिरीक्षक निबन्धन (प्रथम) बीएस वर्मा, सहायक महानिरीक्षक निबन्धन (द्वितीय) ब्रिजेश कुमार के साथ जनपद गौतमबुद्धनगर के समस्त उप निबन्धक तथा विहान ग्रीन्स, रतन बिल्डटेक प्रा0लि0, यमुना बिल्डटेक (मिगसन) प्रा0लि0, एस0 जे0पी0 होटल्स एण्ड रिसोर्ट्स, महालक्ष्मी इन्फ्राहोम प्रा0लि, ए0जी0सी0 रियल्टी प्रा0लि, ए0टी0एस0, देविका गोल्ड होम्स प्रा0लि0, के0वी0आई0आर0 टावर्स प्रा0लि0, टेक्नोसिटी अपार्टमेंट, आई0आई0टी0एल0 निम्बस द एक्सप्रेस पार्क व्यूव, कैपिटल इन्फ्राप्रोजेक्ट्स प्रा0लि0, रूद्रा बिल्डवेल इन्फ्रा प्रा0लि0, अरिहन्त इन्फ्रा रियल्टर्स प्रा0लि0, महागुन माईवुड्स इत्यादि बिल्डर्स के बिल्डर्स प्रतिनिधि एवं अनिबन्धित बिल्डर्स फ्लैट के आवंटियों ने हिस्सा लिया।


जिलाधिकारी ने 09.05.2025 तक ओ0सी0सी0सी0 प्राप्त एवं सब लीज डीड की अनुमति प्राप्त नोएडा/ग्रेटर नोएडा/यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के बिल्डर प्रोजेक्ट्स के बकाया समस्त फ्लैट्स की रजिस्ट्री 31 मई, 2025 तक करने के कड़े निर्देश दिए।

जिलाधिकारी द्वारा मल्टीस्टोरी बिल्डर प्रोजेक्ट के प्रोमोटर/बिल्डर को कड़ी चेतावनी दी गयी कि आगामी 15 दिनों में बकाया फ्लैटों की रजिस्ट्री न कराने पर भारतीय स्टाम्प अधिनियम एवं रेरा अधिनियम के प्राविधानों के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इस सम्बन्ध में नोएडा प्राधिकरण के 30 बिल्डर, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण/यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के 65, बिल्डर को स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के अधिकारियों द्वारा बकाया फ्लैटों की रजिस्ट्री कराने के लिए नोटिस जारी किया गया है।

सहायक महानिरीक्षक निबंधन प्रथम व द्वितीय द्वारा बिल्डर्स को सूचना दिया गया कि तीनों प्राधिकरणों की ग्रेटर नोएडा व नोएडा प्राधिकरण में इन फ्लैटों के निबन्धन के लिये आवश्यकतानुरूप कैम्प का आयोजन किया जायेगा। बैठक में उच्चाधिकारियों द्वारा उप निबन्धकों को निर्देशित किया गया कि बकाया फ्लैटों की रजिस्ट्री के सम्बन्ध में बिल्डर एवं आवंटियों की प्रत्येक समस्या का तत्काल निदान करें।

## 'जब पेड़ ही प्यासे हों, तो छांव किसे मिलेगी'

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-99, LIG फ्लैट की ग्रीन बेल्ट और पार्कों की स्थिति इस भीषण गर्मी में बद से बदतर होती जा रही है। तापमान 45 डिग्री को छू रहा है, पर पेड़ों की जड़ों तक एक बूंद पानी नहीं पहुंच रही। ग्रीन बेल्ट में लगे पेड़ सूखने की कगार पर हैं, और पार्कों में धूल इस कदर उड़ रही है कि शाम को खेलने आने वाले बच्चों को सांस लेना मुश्किल हो रहा है।



आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष नरोत्तम शर्मा ने आरोप लगाया कि उद्यान विभाग की निष्क्रियता के चलते न तो पार्कों में घास बची है, न पेड़ों की छंटाई हो रही है, और न ही छिड़काव। नतीजा यह है कि पार्क अब गंदगी और धूल के अड्डे बन चुके हैं।

उन्होंने बताया कि कई वर्षों से ग्रीन बेल्ट में लगी पानी की मोटर खराब है, लेकिन न तो विभाग ने सुध ली, न ही किसी ठेकेदार ने मरम्मत करवाई। बार-बार शिकायतें भेजी गईं, पर जवाब में सिर्फ 'कार्य प्रगति पर है' बहाने ही मिले।

## मप्र के मंत्री विजय शाह के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** जिला कांग्रेस कमेटी गौतमबुद्धनगर के अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला के नेतृत्व में जेवर तहसील पर मध्य प्रदेश भाजपा सरकार के कैबिनेट मंत्री विजय शाह द्वारा भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में विरोध प्रदर्शन किया गया।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने इस मौके पर कहा कि महिला अपमान करने की प्रतियोगिता अक्सर भा0ज0पा0 के विजय शाह जैसे नेताओं में रहती है। हमारे देश की बहादुर बेटियों भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने सेना में उल्लेखनीय योगदान दिया है व अपना एक अलग मुकाम हासिल कर देश की महिला शक्ति को गौरवान्वित किया है। उनके बारे में अभद्र, अमर्यादित एवं अशोभनीय टिप्पणी देश की 75 करोड़ महिलाओं का अपमान है। संवैधानिक पद पर आसीन विजय शाह द्वारा देश की बेटी का यह अपमान हमारे देश, नारी शक्ति और सेना का अपमान है।

प्रदर्शन के बाद जेवर तहसील में उपजिलाधिकारी अभय सिंह के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंत्री विजय को बर्खास्त करने व उसके खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा चलाने की मांग की है।

प्रदर्शन में जिला कांग्रेस सचिव सूबेदार सतपाल फौजी, मुकेश शर्मा, धर्म सिंह बाल्मीकि, सतीश शर्मा, तकी मोहम्मद, श्रुति कुमारी, रिजवान चौधरी, महाराज सिंह नागर, देवेश चौधरी, अरविन्द रेक्सवाल, ओमकार राणा, सुबोध भट्ट, नीतीश शर्मा, सुबोध भट्ट, रमेश बघेल, गौरव वशिष्ठ, तनवीर अहमद, अर्जुन, रोहित, आरिफ खान, धीरा सिंह, राजकुमार शर्मा, विनोद कुमार, रमेन्द्र सिंह, अमित कुमार, राजेश स्वामी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।